


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार 7 फरवरी 2025 ■ माघ शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-308 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 8 फरवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### राजधानी के चार खेल विशेषज्ञ बनाए गए टेक्निकल ऑफिसर

**रायपुर, 7 फरवरी।** उत्तराखंड के हल्दवानी में चल



रहे नेशनल गेम्स में पेंटाथलान इवेंट के लिए रायपुर के चार खेल विशेषज्ञों को टेक्निकल ऑफिसर बनाया गया है। इनमें दिलीप कुमार विश्वकर्मा, प्रमोद ठाकुर, सुनील कुमार पाल एवं श्रीमती कौशल्या ठाकुर शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ को मिला एक और आईएएस

**रायपुर,7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ को आईएएस पथरे अभिजीत बबन के तौर पर एक और आईएएस मिल गया है.



मूलतः मणिपुर कैडर के आईएएस पठारे अभिजीत बबन का गत दिवस केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ कैडर में ट्रांसफर किया है. भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा 6 फरवरी को जारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि आईएएस पठारे अभिजीत बबन की आईपीएस साकोरे मानसी नानाभाऊ से शादी होने की वजह से ट्रांसफर किया गया है. महाराष्ट्र के अहमदनगर के रहने वाले पठारे अभिजीत बबन ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2021 में अखिल भारतीय रैंक 333 हासिल की थी. अभिजीत ने पुणे विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीई किया है. स्नातक होने के बाद उन्होंने कुछ समय के लिए पुणे की फर्म में ऑफिस एग्जीक्यूटिव के रूप में काम किया. फिर उन्होंने आईएएस बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी.

### टीवी चैनल स्टूडियो में आग,लाखों का नुकसान

**रायपुर, 7 फरवरी।** टीवी चैनल के मेन स्टूडियो में रात के समय भीषण आग लगने से बड़ी क्षति होने की आशंका जताई जा रही है। बता दे की रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित निजी टीवी चैनल के मेन स्टूडियो में आधी रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच अचानक स्टूडियो से धुंआ उठते हुए देखा गया, जिसके बाद चैनल के स्टाफ ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी और आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरू कर दीं। मिली जानकारी के अनुसार, आग मुख्य स्टूडियो की पहली मंजिल पर लगी थी। आग के धुएं की अधिकता के कारण दमकल कर्मियों को आग बुझाने में कठिनाई हो रही थी, क्योंकि वे अंदर घुसने में दिक्कतों का सामना कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। इसके बाद, दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटी थीं। आग की सूचना मिलने के बाद रायपुर के एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, और पुलिस के आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### सिद्दारमैया को राहत

**बेंगलुरु ,7 फरवरी।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को बड़ी राहत देते हुए मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। यह फैसला न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ ने याचिका खारिज की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने 27 जनवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## तेलंगाना में छग के 150 मजदूर बंधक

### एक की मौत, पीड़ित परिवारों ने वित्त मंत्री से लगाई मदद की गुहार

**रायगढ़,7 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

तेलंगाना के ईंट भट्ठे में छत्तीसगढ़ के झारा परिवार के 150 से ज्यादा मजदूरों को बंधक बनाया गया है. वहीं एक मजदूर की मौत के बाद भी ईट भट्ठी का मालिक मजदूरों को नहीं छोड़ रहा. मृतक के शव को एंबुलेंस से रायगढ़ लाया गया है. वहीं पीड़ित परिवार ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मदद की गुहार लगाई है. जानकारी के मुताबिक, मृतक का नाम नवीन झारा है. रायगढ़ जिले से 150 से ज्यादा मजदूर लंबे समय से काम की तलाश में तेलंगाना गए थे. इसकी जानकारी प्रशासन को नहीं है. वहां मजदूर को बंधक बनाकर ईंट भट्ठे के मालिक काम करा रहे. उन्हें घर जाने नहीं दिया जा रहा. वहीं एक मजदूर की ईंट भट्ठे में काम करने के दौरान मौत हो गई.



इसके बाद भी मजदूरों को नहीं छोड़ा गया. आज मृतक का शव एंबुलेंस से रायगढ़ लाया गया.

## 45 भाजपा नेता पार्टी से निष्कासित

**रायपुर,7 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ने एवं अनुशासन भंग करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कड़ी कार्रवाई करते हुए ऐसे सभी प्रत्याशियों को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है. जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने मीडिया को बताया कि पार्षद का बागी चुनाव लड़ने वालों में दुर्ग नगर निगम क्षेत्र से 30 लोगों का निष्कासन किया गया है तथा नगर पालिका व नगर पंचायत मिलाकर 11 लोगों का निष्कासन हुआ है. पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय बागी प्रत्याशी होरीलाल देवांगन और उतई से श्रीमती सुनीता रूपनारायण शर्मा और कुसुम देवांगन को निष्कासित किया गया है. दुर्ग जिले से कुल 45 लोगों का भाजपा से निष्कासन हुआ है. दुर्ग नगर निगम से पार्षद का नामांकन करने वाले निष्कासितों में भारती चंद्राकर, संतोषी बाई पटेल चोखेलाल सोनी, जितेंद्र कुमार ताम्रकार, सतीश कुमार देवांगन, अजीत कुमार वैद्य, खिलावन मटियारा, लता सेन, बबीता यादव, सीमा मिश्रा, विकास कुमार ताम्रकार, जगदीश सोनी, विजयलक्ष्मी मिश्रा, दिनेश कुमार वर्मा, रामरतन जलतारे, पूजा देवांगन, डोमेश्वर प्रसाद साहू, मोहित कुमार टंडन, दशरथ पंदरिया, नरेंद्र हरपाल, तारिणी चंद्राकर, लता मनोज यादव, रेखा बंदे, अश्वनी साहू, सविता साहू, मोतीलाल साहू, नीलम पवार, पीलिया साहू, भानुमति साहू, कंचन ललित यादव है. नगर पालिका परिषद कुम्हारी से निष्कासित लोगों में पार्षद प्रत्याशी विनोद कुमार बंजारे कुरमनी लक्ष्मी नारायण साहू सुनीता तिवारी अनुराग गुप्ता ओंकार प्रसाद मारकंडे शामिल हैं. नगर पंचायत पाटन में पार्षद प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 11 से वागेश वासा शंकर और वार्ड क्रमांक 13 से श्रीमती लक्ष्मी लक्ष्मण निर्मलकर को निष्कासित किया गया है. नगर पंचायत उतई से बागी पार्षद प्रत्याशी माया ठाकुर, आशीष साहू, भीषण देवांगन, विजय लक्ष्मी साहू को निष्कासित किया गया है.

## चुनावी शोर में डूबी राजधानी

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 7 फरवरी।** राजधानी में पार्षद प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज आज विभिन्न वार्डों का दौरा कर रहे हैं। भाजपा ने अपने चारों विधायकों एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल को भी वार्डों का दौरा करने सड़क पर उतारा है। चुनावी कोलाहाल के बीच अब संघर्ष तेज होता जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने के लिए दीपक बैज विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने आज और कल रायपुर के विभिन्न वार्डों का दौरा कर प्रत्याशियों का मनोबल बढ़ाया है। कांग्रेस प्रत्याशियों के अनुसार विकास उपाध्याय, सत्यनारायण शर्मा, मोहम्मद अकबर सहित स्थानीय नेता चुनाव प्रचार के लिए उचित मार्गदर्शन दे रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी घर-घर चुनावी दस्तक दे रहे हैं। वार्ड के छोटे-छोटे मुद्दों को भी राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। गीतानगर में रचना सोना की हत्या के बाद कल कैंडल मार्च निकाला गया जिसमें भाजपा और कांग्रेस के दलीय प्रत्याशी शामिल हुए।

### परिवारवाद का दबदबा


कांग्रेस एवं भाजपा ने वरिष्ठ नेताओं की पत्नियों, दामादों को टिकिट देकर उपकृत किया गया है। हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड में पूर्व कैबिनेट मंत्री के दामाद चुनाव मैदान में हैं। यहां से उनका कई प्रत्याशियों से कड़ा मुकाबला है। यहां पर कांग्रेस प्रत्याशी शेख मुंशीर जीत के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। वहीं मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड में पूर्व महापौर की पत्नी किस्मत आजमा रहीं है। भाजपा में भी यही हाल है। पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय की पत्नी सुमन पांडेय का मुकाबला कांग्रेस की संगीता दुबे से है। कई प्रभावशाली

» कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने बढ़ाया मनोबल
» भाजपा विधायकों एवं सांसद को उतारा गया चुनावी मैदान में

पूर्व पार्षदों ने भी अपनी पत्नियों को टिकिट दिलाया है जिसमें आकाश दुबे एवं प्रमोद साहू प्रमुख हैं। पूर्व पार्षद समीर अख्तर भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं का अनुमान है कि बंजारी माता वार्ड से राधिका नागभूषण राव, वीरांगना अवंती बाई वार्ड से राधेश्याम विभार, रानी लक्ष्मी बाई वार्ड से मनोज वर्मा, भीमराव अम्बेडकर वार्ड से हेमंत पटेल, दानवीर भामाशाह वार्ड रूख्मणि सुंदर जोगी, रविशंकर शुक्ल वार्ड से कामरान अंसारी, सिविल लाईन से नीलकंठ जगत एवं भगवती चरण शुक्ल वार्ड एजाज ढेबर जीत सकते हैं। विभिन्न वार्डों से निर्दलीय प्रत्याशियों के भी जीतने के आसार हैं। भाजपा एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। विवेकानंद वार्ड से मुरली शर्मा, राहुल तिवारी के बीच निर्दलीय प्रत्याशी सतीश जैन ने पेंच लगा दिया है। कई निर्दलीय प्रत्याशी अब अंतिम क्षणों में जीत के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं।

## भारत-अमेरिका के बीच हुई रक्षा वार्ता

**नई दिल्ली,7 फरवरी।** आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों की समीक्षा करने और रक्षा सहयोग के लिए दीर्घकालिक रूपरेखा पर चर्चा करने के लिए गुरुवार को अपने नवनियुक्त अमेरिकी समकक्ष पीट हेगसेथ के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ÷दोनों मंत्रियों ने भूमि, वायु, समुद्री और अंतरिक्ष सहित कई क्षेत्रों में भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग की व्यापक गतिविधियों की समीक्षा की।÷



उच्च स्तरीय वार्ता ऐसे समय में हुई है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ शिखर बैठक के लिए वाशिंगटन जाने वाले हैं। शिखर बैठक के दौरान जिन प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है, उनमें रक्षा और रणनीतिक साझेदारी शामिल हैं। अपनी चर्चा में, सिंह और हेगसेथ ने 2025-2035 की अवधि के लिए भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग के लिए एक व्यापक रूपरेखा विकसित करने में मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों को गहरा करेंगे। बातचीत के बाद, राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर कहा, ÷हमने चल रहे रक्षा सहयोग की समीक्षा की और भारत-अमेरिका द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को विस्तारित और गहरा करने के तरीकों की खोज की। हम परिचालन, खुफिया, रसद और रक्षा-औद्योगिक सहयोग को कवर करने वाले एक महत्वाकांक्षी एजेंडे को तैयार करने पर भी सहमत हुए। सचिव हेगसेथ के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। हाल ही में हुई यह बातचीत भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास का संकेत देती है, जिसमें दोनों देश दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग पर जोर दे रहे हैं।

## केजरीवाल के 15 करोड़ के ऑफर वाले दावे की जांच करेगी ACB

**नई दिल्ली,7 फरवरी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले एक ओर सियासी बवाल खड़ा हो गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो, आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल के उस दावे की जांच करेगी जिसमें उन्होंने बीजेपी पर उनके मौजूदा विधायकों तोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आम आदमी पार्टी के मौजूदा विधायकों को 15 करोड़ का ऑफर भी दिया गया है। इस मामले में बीजेपी ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिख शिकायत की थी उनसे एंटी करप्शन ब्यूरो को केजरीवाल और संजय सिंह के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश देने की मांग की थी। बताया जा रहा है कि एलजी ने एसीबी को मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। दरअसल अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर दावा किया था कि बीजेपी आम आदमी पार्टी के मौजूदा विधायकों को 15 करोड़ का ऑफर दे रही है। उन्होंने कहा, कुछ एजेंसीज दिखा रही हैं कि गाली गलौज पार्टी की 55 से ज़्यादा सीट आ रही हैं। पिछले दो घंटे में हमारे 16 उम्मीदवारों के पास फ़ोन आ गए हैं कि आप छोड़ के उनकी पार्टी में आ जाओ, मंत्री बना देंगे और हरेक को 15-15 करोड़ देंगे। अगर इनकी पार्टी की 55 से ज़्यादा सीटें आ रहीं हैं तो हमारे उम्मीदवारों को फ़ोन करने की क्या जरूरत है?

## भाजपा के 1 साल के कार्यकाल में परेशान हो चुकी जनता: भूपेश

**बलौदाबाजार,7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पूर्वी सीएम भूपेश बघेल बलौदा बाजार पहुंचे. यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि मैं पूरे प्रदेश में दौरा कर रहा हूं. लोग भाजपा के एक वर्ष के कार्यकाल को देख कर परेशान हो चुके हैं और पुनः परिवर्तन की लहर और कांग्रेस के पक्ष में माहौल दिखाई दे रहा है. पूर्व सीएम ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं के हितों की चिंता करने वाली हिमायती नहीं, वरन शोषण करने वाली है. उन्होंने कहा कि किसानों को धान की खरीद राशि भुगतान की बात कही थी, पूरा नहीं किया. गरीबों के स्वास्थ्य योजना को लेकर हमने जो योजना लागू किया, वह बंद कर दिया गया है. गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए आत्मानंद स्कूल



खोला, उस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा, बल्कि नाम बदलने की बात कह रहे हैं. वहीं शिक्षकों को बराबर वेतन नहीं मिल रहा है. युवाओं को नौकरी से निकाल दिये. पूर्व सीएम ने आगे कहा कि भाजपा के शासन काल में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं. इनके प्रशासनिक अधिकारी नियंत्रण में नहीं हैं. बलौदाबाजार-भाटापारा का कलेक्टर एसपी कार्यालय जल गया और ये सम्हाल नहीं पाए. कलेक्टर एसपी कार्यालय छोड़कर भाग गये. निर्दोष लोगों को पकड़ जेल भेजा गया, जबकि वास्तविक अपराधी बाहर घुम रहे हैं. एक समाज विशेष को पकड़कर जेल में ठुंसा गया.उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षकों को नौकरी से निकाला जा रहा है. शिक्षकों को तनख्वाह नहीं मिल रही है. कांग्रेस की जितनी भी योजना थी, उसे भाजपा ने बंद करवा दिया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं परेशान हैं. उन्होंने आगे कहा कि झुठ फरेब से यह सत्ता में काबिज है, पर अब जनता समझ गयी है और अब प्रदेश में बदलाव की स्थिति है. पूर्व सीएम बघेल ने इन मुद्दों पर भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए लोगों से कांग्रेस को वोट देकर जिताने की अपील की है. वहीं अमरिका से पंजाब लाए गए भारतीयों के साथ अमानवीय व्यवहार को लेकर उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को संज्ञान लेकर काम करना चाहिए.

## आरिफ मोहम्मद पहुंचे महाकुंभ

**प्रयागराज,7 फरवरी।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमें सदैव इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि भारत की संस्कृति का सनातन आदर्श अस्तित्व की एकता है। सारे मतभेद वहीं ख़त्म हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति कहती है कि यदि आप किसी भी मनुष्य को उसके दिव्य रूप में देखेंगे तो पाएंगे कि मानव माधव का रूप हैं। आप इसे यहां देख सकते हैं। लोग एक-दूसरे को नहीं जानते लेकिन हर कोई यहां आ रहा है। यहां हमारी विरासत, आदर्शों और मूल्यों का जश्न मनाया जा रहा है। देश-विदेश में महाकुंभ की दिव्यता के बारे में सोशल मीडिया आदि पर देख-सुनकर पाकिस्तान के सनातनी लोग खुद को यहां आने से रोक न सके और सिंध प्रांत से 68 हिंदू श्रद्धालुओं का एक जत्था बृहस्पतिवार को यहां पहुंचा और संगम में डुबकी लगाई। सूचना विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान से आए सभी श्रद्धालुओं ने बृहस्पतिवार को पवित्र संगम में स्नान कर अपने



पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धालुओं के साथ आये महंत रामनाथ जी ने बताया कि पहले वे सभी हरिद्वार गये थे जहां उन्होंने अपने लगभग 480 पूर्वजों की अस्थियों का विसर्जन और पूजन किया। इसके बाद उन्होंने महाकुंभ आकर संगम में स्नान किया और अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इससे पहले दिन में सेक्टर नौ में स्थित श्रीगुरुकार्ष्णि के शिविर में बातचीत में सिंध प्रांत से आए गोबिंद राम माखीजा ने बताया, ÷पिछले दो तीन महीनों में जब से हमने महाकुंभ के बारे में सुना है, तब से हमारी बड़ी इच्छा यहां आने की थी। हम खुद को आने से रोक नहीं सके।÷ उन्होंने बताया, ÷पिछले वर्ष अप्रैल में 250 लोग पाकिस्तान से प्रयागराज आए थे और गंगा में डुबकी लगाई थी। इस बार सिंध के छह जिलों- गोटकी, सक्कर, खैरपुर, शिकारपुर, कर्जकोट और जटाबाल से 68 लोग आए हैं जिनमें करीब 50 लोग पहली बार महाकुंभ में आए हैं।÷

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में फिर लगी आग 20-22 तंबू जल कर हुए खाक

**प्रयागराज,7 फरवरी।** महाकुंभ कुंभ मेले के सेक्टर 18 शंकराचार्य मार्ग पर आग लग गई। दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है और आग बुझाने का काम किया जा रहा है। मौके से अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। खाक चौक पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर योगेश चतुर्वेदी ने कहा कि पुरानी जीटी रोड पर तुलसी चौराहे के पास एक शिविर में आग लग गई। हालांकि, अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काफी हद तक काबू पा लिया है। उन्होंने कहा कि अभियान की निगरानी के लिए अग्निशमन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 10.45 बजे सेक्टर 18 के एक पंडाल के टेंट में धुआं देखा गया, हालांकि फायर ब्रिगेड ने तुरंत तीन गाड़ियां भेजकर आग पर काबू पा लिया। दो से तीन टेंट जल गए लेकिन आग पर काबू पा लिया गया है। सीएफओ प्रमोद शर्मा ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है. इसकी शुरुआत



इस्कॉन से हुई और फिर दूसरे टेंटों में भी आग लग गई। किसी की जान का नुकसान नहीं हुआ है और न ही कोई घायल हुआ है। 20-22 तंबू जल गए हैं।

38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में 28 जनवरी से सफलतापूर्वक जारी

jasclaudius@gmail.com

## प्रचार-प्रसार में क्यों पिछड़ रही है यह बहु खेल स्पर्धा

**राष्ट्रीय खेलों में कामेंट्री के बाद लौटकर जसवंत क्लाडियस**

आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरुवात 1896 के साथ ही पूरे विश्व में व्यवस्थित खेल गतिविधियों का आरंभ माना जा सकता है। भारत में 1924 में एक अनंतिम भारतीय ओलंपिक संघ का गठन हुआ फिर भारतीय ओलंपिक संघ ने फरवरी 1924 में नई दिल्ली में पहली बार विधिवत गठन हुआ। इसके बाद ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले भारतीय प्रतिभागियों के चयन का आधार राष्ट्रीय खेल बन गये। धीरे-धीरे परिस्थिति बदलती चली गई। 15 अगस्त 1947 को मिली विदेशीशक्ति से मुक्ति के बाद माहौल बदल गया। अब विभिन्न खेलों के राष्ट्रीय खेल संघ बनने लगे। उनकी भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता होने लगी इसके साथ ही संबंधित खेल की एशियाई (महाद्वीपीय) खेल संघ का गठन हुआ। अब उपरोक्त तीनों संघों की प्रतियोगिताओं में से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी या फिर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप किया जाता है। अतः हम कह सकते हैं कि भारतीय ओलंपिक संघ या किसी भारतीय खेल संघ की खेलों की राष्ट्रीय प्रतियोगिता या फिर एशियाई या महाद्वीपीय संघ की टीमों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पूरी टीम का उनमें से किसी एक खिलाड़ी का चयन किया जाता है। जब परिस्थिति इस तरह बदल गई है तो फिर राष्ट्रीय खेलों का 1970 के पहले जैसा महत्व भी नहीं रहा। आज जबकि राष्ट्रीय खेलों के प्रचार-प्रसार में कमी देखी जा रही है तो हो सकता है इसके कई कारण हो सकते हैं परंतु हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 38वें राष्ट्रीय खेल में शामिल प्रतिभागी अपने-अपने राज्यों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं। उन्हें प्रोत्साहन की जरूरत है। आज की परिस्थिति में जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन पर कहा कि खिलाड़ी मुझे अब पीएम याने प्रधानमंत्री नहीं परममित्र समझते हैं। तब स्टेडियम में उपस्थित दर्शकों, दूरदर्शन, डीडी स्पोर्ट्स और अन्य इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रसारण को देखकर, सुनकर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निणायकों, अभिभावकों के चेहरे खिल उठे। 2014 में जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र की सत्ता संभाली है तब से वे भारत में खेलकूद की प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए जमीनी स्तर पर खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रम शुरू किया है। जिसका पूरे भारत के खेलप्रेमियों ने राजनीतिक विचारधारा से अलग होते हुए भी स्वागत करने में कोई कमी नहीं की है। प्रश्न यह उठता है जब प्रधानमंत्री स्वयं खेलकूद के हितैषी हैं तो फिर मीडिया इस दिशा में अपनी रचनात्मक भूमिका क्यों नहीं निभा रही है? आज भी समाचार पत्रों के खेल पन्नों में 38वें राष्ट्रीय खेलों की उपेक्षा की जा रही है। इसकी वजह शायद आर्थिक पक्ष हो सकता है लेकिन खेल मीडिया को अपनी जिम्मेदारी निभाने से नहीं चूकना चाहिए। चाहे समाचार पत्र, पत्रिकाएं हो या टेलीविजन के चैनल या फिर सोशल मीडिया सभी को राष्ट्रीय खेलों के प्रचार-प्रसार में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतनी चाहिए। हो सकता है 38वें राष्ट्रीय खेलों का मीडिया विभाग अपेक्षाकृत सक्रिय ना हो या फिर वह समय पर जानकारी देने में सफल ना हो रहे हो तो ऐसी पस्थिति में स्पर्धा समाप्त होने के पश्चात 38वें राष्ट्रीय खेलों के संचालन समिति को सुझाव पत्र लिखा जा सकता है लेकिन वर्तमान परिस्थिति में राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों की उपलब्धि को अधिक से अधिक प्रचारित-प्रसारित करना चाहिए। दूसरी तरफ भारतीय ओलंपिक संघ में मीडिया सेल और विभिन्न खेलों के राष्ट्रीय खेल संघों में भी एक मीडिया सेल की स्थापना की जानी चाहिए। इनके पास स्पर्धा में भाग ले रहे समस्त प्रतिभागियों का सिलसिलेवार जानकारी रहना चाहिए। उत्तराखंड के 38वें राष्ट्रीय खेलों में मुझे डीडी स्पोर्ट्स की तरफ से खो-खो के मुकाबले में कामेंट्री करने का अवसर मिला। भारतीय खो-खो संघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल के नेतृत्व में जिस तरह खो-खो को लोकप्रिय बनाने के लिए मीडिया व कमेंटेटर बाक्स में तत्काल जानकारी उपलब्ध कराईजा रही थी उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। 50 से अधिक मुकाबले हुए लेकिन किसी भी मैच में ना तो कोई विवाद हुआ ना ही निर्णायकों के किसी निर्णय से खिलाड़ी असंतुष्ट हुए। इसका मतलब यह है कि टूर्नामेंट के दौरान खो-खो के खिलाड़ी पूरी तरह अनुशासित रहे। कभी-कभार किसी खिलाड़ी को चोट लगने पर तत्काल मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराया गया। मीडिया की जागरूकता से ऐसे तथ्य सार्वजनिक होते हैं। और दूसरे आयोजनकर्ताओं को इससे प्रेरणा मिलती है।

### एमपी के महू में भीषण हादसा चार लोगों की मौत; 10 घायल

**इंदौर ,7 फरवरी।** मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर के करीब महू में हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। वहीं 10 लोग घायल हुए हैं, घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा मानपुर पुलिस थाने के भैरव घाट क्षेत्र में हुआ। यहां गुरुवार-शुक्रवार की रात को एक सवारी वाहन ट्रैवलर ने पहले बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मारी और उसके बाद वह एक टैंकर में जा घुसा।

इस हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हुई है, वहीं ट्रैवलर में सवार दो अन्य लोगों को जान गंवानी पड़ी है, इसके अलावा ट्रैवलर वाहन में सवार 10 लोग घायल हुए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सवारी वाहन ट्रैवलर तेज रफ्तार से जा रहा था और उसी के चलते यह भीषण हादसा हुआ है।

# भाजपा ने नगर पंचायत पाटन के लिए अटल संकल्प पत्र की घोषणा भी की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,7 फरवरी।** नगर पंचायत चुनाव अभी चल ही रहा है प्रचार प्रसार जोरों से है भाजपा के समर्थन में बड़े नेताओं ने भी मोर्चा संभाल लिया है। गुरुवार को दुर्ग जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा , नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा भाले एवं भाजपा दुर्ग के उपाध्यक्ष दिलीप साहू ने पाटन में पत्रकार वार्ता लेकर पाटन नगर के लिए अटल संकल्प पत्र की घोषणा भी की । साथ ही साथ प्रदेश संगठन के द्वारा अटल संकल्प पत्र नगरीय निकाय चुनाव 2025 जो जारी किया है उसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दिया । भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ रहे एक निर्दलीय प्रत्याशी और उनके साथ जो भी काम कर रहे हैं उसे कांग्रेस का भी टीम बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थिति अभी काफी मजबूत है। और पाटन की जनता तय कर चुकी है कि केंद्र, राज्य और उसके बाद स्थानीय निकाय में भी भाजपा का सरकार बनाएंगे। जिससे कि विकास की गति लगातार और बढ़ेगी। पाटन की जनता इस बार ट्रिपल



इंजन की सरकार बनाते हुए पाटन में भाजपा को बहुमत से जिताएंगे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने बताया कि पानी बिजली सफाई शिक्षा स्वास्थ्य पेयजल के अलावा अन्य सभी मुद्दे भाजपा के लिए सर्वोपरि है । नगर के लोगों को अभी वर्तमान में एक ही टाइम पानी मिलता है भाजपा का अध्यक्ष बनने के बाद सुबह और शाम दोनों समय नगर में पानी दिया जाएगा। इसके अलावा संकल्प पत्र दिखाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश संगठन के द्वारा जो संकल्प पत्र जारी किया गया है उनके अलावा पाटन में भी स्थानीय प्रत्याशी योगेश निक्की भाले ने संकल्प पत्र जारी किया है। उसमें भी बहुत से सुविधा नगर के लोगों को देने जा रही हैं। पाटन, अखरा, अटारी, खोरपा के रुके हुए जमीन के पत्ते को शीघ्र दिलाने का प्रयास किया जाएगा। महीने के 15 और 30 तारीख को तो हर समस्या हमारे समाधान के तहत नगर पंचायत स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा जहां शिविर में सभी जनप्रतिनिधि अधिकारी हो कर्मचारी उपस्थित होकर समस्याओं का शीघ्र समाधान करेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना उज्जवला गैस योजना गरीबी रेखा राशन कार्ड बनाने के लिए सार्थक प्रयास किया जाएगा। श्रमिकों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए श्रमिक कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन कर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। नगर पंचायत के सभी सूचनाओं एवं योजनाओं की जानकारी व्हाट्सएप ऐप के माध्यम से घर-घर तक पहुंच जाएगी। निषाद समाज ढीमर समाज देवार समाज पटेल समाज सेन समाज सहित सभी समाजों के लिए भवन निर्माण व निर्मित सामाजिक भवनों का विस्तार करने का सार्थक पहल किया जाएगा।पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष श्रीमती रानी केशव बंछोर, पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, महामंत्री अखिलेश मिश्रा, मेहतर वर्मा, भवन देवांगन, सागर सोनी, प्रकाश बिजौरा, राज देवांगन, दामोदर चक्रधारी जयप्रकाश साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

## अवैध कब्जाधारियों को दिया गया पीएम आवास योजना का पक्का मकान



**भिलाई, 7 फरवरी।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन.जी.टी) के आदेश पर सभी जल स्त्रोतों/तालाबों से बेजा कब्जा हटाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में देवदास बंजारे (नकटा) तालाब से बेजा कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ए.एच.पी. के तहत पात्रता अनुसार आवास दिये जाने की कार्यवाही की गई है। उन चार कब्जाधारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ए.एच.पी. के ब्लॉक नंबर 20 में 3 कब्जाधारी पुष्पा यादव, लीलावती वर्मा, लक्ष्मी मानिकपुरी एवं ब्लाक नम्बर 4 में 1 कब्जाधारी दमयंती बाई को ग्राउंड फ्लोर का आम्रपाली में मकान दिया गया। पूर्व में सभी को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान के लिए आवेदन करने को कहा गया था, लेकिन उनके द्वारा मकान के लिए आवेदन नहीं किया गया था। आज जब आम्रपाली में प्रधानमंत्री आवास योजना का आवास मिला है। पुष्पा यादव ने बताया कि कल ही हमें रहने के लिए मकान मिल रहा था, कुछ लोग हम लोगों को बहका दिये, वहां मत जावो। आज देख रही हूँ यहाँ सब कुछ ठीक ठाक है।

## एक नजर

### फैक्ट्री व फार्म हाउस में चोरी

**भिलाई,7 फरवरी।** जामुल थाना क्षेत्र के एक फैक्ट्री और निर्माणाधीन फार्म हाउस से अज्ञात चोर सामानों की चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर निवासी अनिकेत सिंह की इडस्ट्रीयल एरिया में न्यू कैपिटल इंटरप्राइजेस के नाम से स्पेयर पार्टस की फैक्ट्री है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 4 फरवरी की शाम 7 बजे फैक्ट्री बंद कर घर चला गया अगले दिन सुबह 5 बजे फैक्ट्री आया तब फैक्ट्री का सुरक्षा गार्ड ने बताया कि वेल्डिंग मशीन का कॉपर केबल कटा है तब जाकर देखा तो 2 तो 2 वेल्डिंग मशीन का कॉपर वायर करीब 10 मीटर तथा एक नग मोबाइल सेट तथा एक नग रियलमी कंपनी का मोबाइल सेट का सामान नहीं था कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया आमदी नगर हुडको निवासी श्रीमती राबिया ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उनका ग्राम-कुरुद में 2 एकड़ का फार्म हाउस है उसमें निर्माण कार्य संचालित है 4 फरवरी की शाम 6 बजे से 5 फरवरी की सुबह 8 बजे के मध्य अज्ञात चोर फार्म हाउस के अंदर लगे बोर से सबमर्सिबल मोटर को निकालकर उसमें लगे लगभग 100 मीटर कॉपर वायर ट्रांसफार्मर से आया सर्विस वायर लगभग 60 मीटर, रुम का ताला तोड़कर 20 बंडल कॉपर वायर तथा बरामदे में लगी महंगी लाइटों को चोरी कर ले गया।

### जवान के साथ मारपीट



**भिलाई,7 फरवरी।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र के ग्राम परसाही में दो आरोपितों ने जमकर उपद्रव मचाया मंडई के दौरान राउत नाचा निकालते समय दोनों आरोपितों ने गाली-गलौज कर लोगों से विवाद किया मंडई में तैनात पुलिस कर्मियों ने आरोपितों को रोकने का प्रयास किया तो आरोपितों ने उनसे भी मारपीट की जिसके बाद पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा शासकीय सेवक से मारपीट और धमकाने की आरोपी खिलाफ धारा 121, 221, 351(3), 3(5) बीएनएस तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा पाटन एसडीओपी अनुप कुमार लकड़ा ने बताया कि ग्राम परसाही में मंडई का आयोजन किया गया था ग्राम परसाही परसुली पारा निवासी आरोपित संजय ठाकुर उर्फ रिंकू (25साल ) और जोहन ठाकुर (38 साल ) भी मेले में गए थे मंडई में राउत नाचा का आयोजन किया गया था राउत नाचा के दौरान दोनों आरोपितों ने हंगामा शुरू कर दिया राउत नाचा करने वाले कलाकारों और मंडई में दुकान लगाने वालों से गाली गलौज कर उनसे मारपीट करने तक के लिए उतारू हो गए मंडई में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगी थी इसी दौरान पुलिस ने आरोपितों को रोका तो आरोपितों ने पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट की जिसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### छापा मारकर कबाड़ जब्त



**भिलाई,7 फरवरी।** भिलाई पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के हथखोज भिलाई में कबाडी प्रेम साहू के अड्डे आईएस इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज पर छापा मारा गया इस दौरान कबाडी प्रेम साहू एवं कर्मचारियों के द्वारा वाहनों की कटिंग की जा रही थी प्रेम साहू के अड्डे से चार नग गाड़ियां, 4 नग केविन, 6 नग इंजन सहित भारी मात्रा में कबाड़ जप्त किया गया है संचालक प्रेम साहू को गिरफ्तार किया गया है पुरानी भिलाई थाने पुलिस के द्वारा संवैधानिक कार्य के लिए इस्तेमाल किया जा रही इस यार्ड को सील भी किया गया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि जरिया मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि में कबाडी प्रेम साहू के यार्ड में वाहनों की कटिंग कर डिस्मेंटल किए जा रहे हैं बिना अधिकृत स्वीकृति के यह कार्य नहीं किया जा सकता है। पुलिस टीम के द्वारा छापा मारा गया इस दौरान यार्ड में स्वयं प्रेम साहू उपस्थित था। स्वयं की उपस्थिति में प्रेम साहू के द्वारा इस अनाधिकृत कार्य को अंजाम दिया जा रहा था एक गाड़ी को कटिंग कर डिस्मेंटल किया जा चुका था चार गाड़ियों की कटिंग का कार्य करने की तैयारी की जा रही थी इस दौरान पुलिस टीम द्वारा संचालक प्रेम साहू के धर दबोचा गया। इस दौरान प्रेम साहू के अड्डे से चार गाड़ियां, 6 नग इंजन, 27 नग चक्के, 28 नग डिस्क नग, एक टैंकर, एक हाईवा, टोचन सामग्री सहित अन्य कबाड़ जप्त किया गया है। इस जप्त सामान का मूल्यांकन कार्य जारी है कबाड़ी प्रेम साहू को गिरफ्तार किया गया है ।

### यूनिवर्सल रेल मिल में सुरक्षा जागृति रैली का आयोजन




**भिलाई, 7 फरवरी।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल ने कार्यस्थल पर सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 6 फरवरी को सुरक्षा जागृति रैली का आयोजन किया। महाप्रबंधक प्रभारी विशाल गुप्ता के मार्गदर्शन में नियमित कर्मचारी और ठेका श्रमिकों ने बड़ी संख्या में रैली में भाग लेकर एकजुट होकर सुरक्षा जागरूकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए कार्यस्थल को सुरक्षित बनाने की दिशा में प्रयास किया। रैली में महाप्रबंधक रजत मुखर्जीए महाप्रबंधक शिशिर शुक्लाए महाप्रबंधक इलियास अहमद और विभागीय सुरक्षा अधिकारी पालवेन्द्र सिंह सहित यूआरएम के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य कर्मचारी गणों ने भाग लिया।

जनसंपर्क



**उतई, 7 फरवरी।** स्थानीय निकाय चुनाव के लगातार छठवें दिन नगर पंचायत उतई भाजपा अधिकृत अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशी गण को प्रचंड मतों से विजय दिलवाने हेतु उतई नगर के भाजपाई कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ड क्रमांक 05, 14 एवं 15 में वृहद जनसंपर्क अभियान संपन्न हुआ।

## दिव्या ने किया चुनाव प्रचार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 7 फरवरी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमाक 9 में भाजपा की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दिव्या कलिहारी को चुनाव चिन्ह उगता हुआ सूरज चुनाव चिन्ह मिला है। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमाक 9 मध्य पाटन सबसे हॉट सीट के रूप में जाना जाने लगा है।यहां पर भाजपा ने महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमतीं दिव्या कलिहारी (चुनकट्टा) को मैदान में उतारा है। इस क्षेत्र में मतदाताओ की सख्या लगभग 50 हजार है । इसमें ग्राम पंचायत 28 आते है।जिला पंचायत क्षेर्त्क्रमाक 9 में मध्य पाटन में जो ग्राम पंचायत व गांव आते है जिनका चुनाव कार्यालय का उद्घाटन दुर्ग सांसद विजय बघेल के हाथो की गई।चिन्ह मिलते ही दिव्या कलिहारी अपने निर्वाचन क्षेत्र में जन संपर्क कर रही है

## कवर्धा नगरपालिका में अध्यक्ष प्रत्याशियों का धुंआधार जनसंपर्क



**कवर्धा, 7 फरवरी।** कवर्धा नगर पालिका में बीजेपी से अध्यक्ष प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी और कांग्रेस से संतोष यादव अध्यक्ष प्रत्याशी और आप पार्टी से अजय पाली ओर वार्डो में कांग्रेस और बीजेपी ओर कई वार्डो में निर्दलीय प्रत्याशी धुंआधार जनसंपर्क करने में मशगूल है ।

## धनोरा में चल रहे यज्ञ एवं कथा में उमड़ रहे श्रध्दालु

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 7 फरवरी।** बाबा दरबार पावन धाम एवं समस्त ग्रामवासी धनोरा दुर्ग के विशेष सहयोग से हर साल की भांति इस वर्ष भी महावीर उद्यान में शत् चंडी यज्ञ श्री हनुमंत कथा श्रीराम कथा की अविरल धारा बह रहे है आगे दरबार के लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि माघी पूर्णिमा मेला के पावन पर्व पर दो वर्ष से यज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है सुबह 7 बजे से विद्वान पंडितों के द्वारा मंत्रों के साथ शत् चंडी यज्ञ 12 बजे तक एवं 1 बजे से हनुमंत कथा चल रहा है जिसमें भक्तों की अपार जन समुदाय पहुंच रहे हैं यज्ञ स्थल मे परिक्रमा करने एवं कथा का रसपान करने तिसरे दिन के कथा में बताया पंडित दीपक पाण्डेय ने अपने मुखारविंद से कहा कि युवा पीढ़ी में जोखिम लेने का हौसला है इसलिए परिस्थितियां कैसा भी आ जाए पीछे नहीं हटना चाहिए बुराई का त्याग जरुरी है जियो



और दुसरे को जीने। में सहायता करो का दिया संदेश कथा में बताया कि सुग्रीव जी राजा बनने के चार महिने बाद भी रामजी से मिलने नहीं गए और नहीं सीता जी की खोज करने का प्रयत्न किया ऐसे ही अपने कार्य के हो जाने पर हम भी भगवान को भुल जाते हैं लेकिन दुख मे सुमिरन सब करे सुख में करे न कोय जो सुख मे सुमरन करे तो दुख काहे को होए हनुमान जी सीता जी की खोज हेतु जब जाने लगे तो राम जी ने उन्हें अपनी अंगुठी उतार कर दे दी जिसे हनुमान जी ने मुख में रखा क्यो कि अंगुठी पर प्रभु श्रीराम का नाम लिखा है और नाम मुख मेही रखना चाहिए बिना नाम के मुख की शोभा नहीं है जब सभी समुद्र तट पर पहुंचे तब कोई भी सागर पार करने मे सामर्थ नहीं हुआ पर अंगुठी के प्रभाव से हनुमान जी समुद्र पार कर ग ए हम भी भगवान के नाम प्रसाद के बल से संसार रुपी समुद्र को पार कर सकते हैं । इस कथा के श्रोता गण विनोद साहू जीवराखन ठेकेदार मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू रायपुरीहा भोलू साहू मुनना गंधर्व दिलीप ठेकेदार सरदार हरचरण सिंह चीन्टू साहू रुपलाल साहू मनसुखा साहू गुलाब साहू ललित साहू योगेश साहू सुखी राम इतवारी पटेल हेमंत साहू कुंभकरण पटेल शिवचरण साहू झब्बू साहू सुख ऊ राम साहू कल्याण देवांगन मारियल साहू वासुदेव स्प्रे सुंदर स्प्रे दिनेश साहू डोरे लाल दास भोले श्रीमती बबीता साहू ललित यादव श्रीमती क्षमा निधी सुनीता साहू देव मंजू साहू अंजू देवांगन ललिता यादव लक्ष्मी साहू हितेश पटेल दशरथ पटेल बुध कुंवर मुंगा स्प्रे रेखा पटेल दुर्गा साहू कु डिम्पल साहू छाया किरण साहू कु. पूजा कु बेदू कु सुरुची छोटी कु नेहा साहू आदि ग्रामवासी ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे यह जानकारी दरबार प्रति निधि चंद्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी ।

## अवैध मोटर पम्प, पैनल बोर्ड, पानी निकासी पाइप को निगम ने किया जब्त



**भिलाई, 7 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र जोन क्रं. 03 चौहान स्टेट एवं चंद्रा मौर्या टॉकीज के बीच में नागरिकों की सुविधा के लिए अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है। जो हजारो लोगो के लिए आवागमन का प्रमुख मार्ग है। निर्माण के कुछ दिनों बाद से शिकायत मिल रही थी कि उसके नीचे पानी भर जाता है। जिसके निवारण के लिए निगम द्वारा मोटर लगाकर पानी खींचने का प्रबंध प्रतिदिन शिफ्ट अनुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर किया जा रहा है। जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निगम के अभियंता द्वारा कई बार स्थल का निरीक्षण करके निदान का उपाय खोजा जाता रहा है। फिर भी पानी भर जाता था, अंतिम विकल्प के रूप में मोटर पम्प से पानी निकालना पड़ता था। निगम के अधिकारियो द्वारा औचक रूप से निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि चंद्रा मोर्या टाकिज के बेसमेंट लगभग 8000 वर्ग फूट में हमेशा पानी भरा रहता है। साथ ही टाकिज में हजारों दर्शक, कर्मचारियो के निस्तारी का पानी को चंद्रा मोर्या टाकिज के प्रशासन द्वारा स्थाई रूप से पाईप लाईन बिछाकर अंडर ब्रिज में चोरी छिपे मोटर पम्प लगाकर पुरा पानी छोड़ा जा रहा था। यह इतना सिनोयोजित ढंग से किया जा रहा था, जिससे यह ज्ञात होता था, कि दूर से पानी सीपेज के रूप में आ रहा है। उसको निकालने के लिए निगम द्वारा बरसो से लाखो रूपये का व्यय करना पड़ता था। जोन आयुक्त सतीश यादव, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे द्वारा संयुक्त टीम बनाकर चंद्रा मोर्या टाकिज पहुंच कर मोटर पम्प, पैनल बोर्ड, पाईप वहां के कर्मचारियो की उपस्थिति में पंचनामा बनाकर जप्ती किया गया। इस कार्यवाही से अंडरब्रिज मे अब पानी भरने की संभावना कम रहेगी।

## आयुक्त ने रिसाली में देखी एसएलआरएम की व्यवस्था



**रिसाली,7 फरवरी।** कचरा पृथक केंद्र में केवल कचरा नहीं अब उपयोगी सामानों को भी सहेजने का कार्य किया जा रहा है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने रूआबांधा एस.एल.आर.एम. सेंटर में बनाए आर. आर. आर. सेंटर को विस्तार करने कहा है। साथ ही घरों से निकलने वाले गीले कचरा से खाद बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने पीट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने रूआबांधा एस.एल.आर.एम. सेंटर में बने आर.आर.आर. (रेड्यूज रियूज रिसाइकल) को विस्तार करने निर्देश दिए है। दरअसल प्रचार-प्रसार के बाद अब आम नागरिक ऐसे सामानों को सुरक्षित तरीके से पहुंचा रहे, जिनका उपयोग वे नहीं करते, किंतु सामानों को जरूरतमंदों को दिया जा सके। इसके लिए एस.एल.आर.एम. सेंटर में तीन स्टील रेक के अलावा सामानों को सुरक्षित रखने अलमारी की व्यवस्था की गई है।

निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने चल रहे निर्माण कार्य का अवलोकन भी किया। उन्होंने शेड और पीट निर्माण को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने कहा। वहीं पॉलीथिन और कागज और गत्ते को बंडल बनाने के लिए 20 फरवरी तक बेलिंग मशीन स्टॉल करने निर्देश दिए।

## आयुक्त ने समीक्षा बैठक में अनुकंपा नियुक्ति के लिए दिए निर्देश

**भिलाई, 7 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई में लगभग 723 नियमित, कार्यभारित अधिकारी/कर्मचारी एवं दैनिक वित्तीय कर्मचारी कार्यरत है। जिनकी सेवा से संबंधित सभी कार्यो का देखरेख सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा किया जाता है। इसमें कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका, सेवानिवृत्ति के बाद भुगतान, अवकाश अवधि, मेडिकल, मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति, विभागीय जांच, विधिक प्रकरण, कर्मचारियों की उपस्थिति, वेतन इत्यादि कार्यो का निर्वहन किया जाता है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सहायक अधीक्षक श्रीमती रीता चतुर्वेदी को कार्यो को सुचारू रूप से संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मृत्यु कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के लिए ज्ञात हो जाने के बाद संबंधित परिवार को पत्र द्वारा सूचित किया जाये। उन्हे आवेदन का स्वरूप भी प्रदान कर दिया



जाये। नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति के लिए 3 वर्ष के अंदर आवेदन करने पर निगम स्तर पर पद अनुसार निराकरण किया जा सकता है। 3 वर्ष से अधिक 5 वर्ष के अंदर संचालनालय स्तर से किया जाता है। 5 वर्ष से अधिक हो जाने पर कैबिनेट के अनुमति के बाद अनुकंपा नियुक्ति दिया जा सकता है। इसकी जानकारी मृतक कर्मचारियों के परिवार को मिले, जिससे समय अवधि में अपना आवेदन कर सके। जितने कर्मचारियों के उपर विभागीय जांच या न्यायालयीन प्रकरण चल रहा है। उसका निराकरण समय अवधि में कर दिया जावे।

## चल संगी जाबो मतदान करे बर के नारों से मतदाताओं को कर रहे जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,7 फरवरी।** चल संगी जाबो मतदान करे बर, पहले मतदान फिर जलपान, छोड़ के अपने सारे काम सबसे पहले करो मतदान जैसे नारों से शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो तक मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ज्ञात हो की नगरी निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन जोर शोर से किया जा रहा है। जाबो कार्यक्रम के तहत इस अभियान का संचालन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार संचालित हो रहा है। नगरी निकाय क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रदर्शन कर मतदाताओं का ज्ञानवर्धन किया जा रहा है। इसके



साथ ही प्रमुख चौक चौराहा में मतदान के लिए शपथ दिलाकर लोकतंत्र के उत्सव में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में रैली निकालकर, सामूहिक रूप से शपथ लेते हुए, मुनादी के द्वारा, महिला स्व सहायता समूह एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा घर-घर जाकर ग्रामीणों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रोत्साहित कर रहे है।

स्थानीय निर्वाचन 2025 में कबीरधाम जिला अंतर्गत सभी 7 नगरीय निकाय क्षेत्रों में 11 फरवरी को मतदान होगा। इसी तरह विकासखंड कवर्धा एवं सहसपुर लोहारा क्षेत्र के ग्राम पंचायतो में 17 फरवरी को एवं विकासखंड पंडरिया एवं बोड़ला क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायतो में 20 फरवरी को ग्रामीणों द्वारा मतदान किया जाएगा।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह निर्धारित तिथि को अपने मतदान केंद्र में पहुंचकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें तथा लोकतंत्र के उत्सव में अपनी भागीदारी निभाए।जाबो कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री अजय कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभाग मिलकर मतदाताओं को जागरूक करने निरंतर प्रयास कर रहे हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सभी की भागीदारी हो यह प्रयास किया जा रहा है।रैली के द्वारा, रंगोली के माध्यम से, मेहंदी लगाकर, सार्वजनिक स्थानों पर नारा लेखन एवं अन्य गतिविधियों से लोगों को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने का कार्य हो रहा है। श्री अजय कुमार त्रिपाठी ने भी जिले के गणमान्य नागरिकों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने अपील की है।

### सियान सदन में आध्यात्मिक संध्या का आयोजन

**भिलाई, 7 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 5 फरवरी को सरस संगठन के सहयोग से सियान सदन में एक आध्यात्मिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और श्री रामकृष्ण परमहंस, मां सारदा एवं स्वामी विवेकानंद को समर्पित प्रार्थनाओं से हुई। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमती झरना कवर, श्रीमती चैताली दत्ता, श्रीमती पॉली सरकार, विनोद पाहाड़े और देवाशीष विश्वास ने मधुर भक्ति गीत प्रस्तुत किए एवं सियान सदन के निवासी बरुई द्वारा तबला वादन से कार्यक्रम को संगीतमय बनाया गया।

एक नजर

## मतदान के दिन तथा उसके एक दिन पहले सार्वजनिक सभा प्रतिबंधित

**राजनांदगांव 7 फरवरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत महापौर व अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु निर्वाचन लडऩे वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रचार-प्रसार की अंतिम तिथि 9 फरवरी 2025 को रात्रि 10 बजे तक रहेगी। निर्वाचन प्रचार-प्रसार के लिए रात्रि 10 बजे तक अभ्यर्थी माइक सिस्टम का उपयोग कर सकते है। रात्रि 12 बजे प्रचार- प्रसार बंद हो जाएगा। चुनाव प्रचार रात्रि 12 बजे तक ही किया जा सकता है। रात्रि 12 बजे के पश्चात कोई चुनाव प्रचार नहीं होगा। रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति नहीं होने के कारण रात्रि 10 बजे से रात्रि 12 बजे बीच सामान्य चुनाव प्रचार किया जा सकेंगा। छत्तीसगढ़ स्थानीय प्राधिकारी (निर्वाचन अपराध) अधिनियम 1964 की धारा 3 के अनुसार कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन क्षेत्र में उस दिनांक या उन दिनांकों को जिनको की उस निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन के लिए मतदान किया जाना हो एक दिन पहले कोई सार्वजनिक सभा नहीं बुलाएगा, न करेंगा और न उसमें उपस्थित होगा। इस अनुबंध का उल्लंधन अधिनियम के अनुसार दण्डनीय अपराध की श्रेणी में है। मतदान के ठीक एक दिन पहले सार्वजनिक तौर पर चुनाव प्रचार नहीं किया जा सकता है। इसके अंतर्गत सार्वजनिक सभाएं, जुलुस, नुक्कड़ सभाएं, लाऊडस्पीकर का उपयोग इत्यादि पूर्णत~ प्रतिबंधित रहेगा।

## भाजपा में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी: कोमल सिंह राजपूत

**राजनांदगांव, 7 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने नगरीय निकाय चुनाव एवं जनपद, जिला पंचायत चुनाव की दृष्टि से कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का संगठन कैडर आधारित रहा है, जिसके कारण आज देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकार बनी है, भाजपा संगठन के उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण ही पार्टी आज इस मुकाम पर पहुंची है और इसके पीछे मुख्य वजह पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। वर्तमान नगर निगम एवं जिला पंचायत चुनाव में कार्यकर्ताओं के आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण पार्टी से बगावत कर जो लोग अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं या उन्हें मदद कर रहे हैं ऐसे लोगों के खिलाफ पार्टी ठोस कार्रवाई करेगी श्री राजपूत ने कहा कि भाजपा अनुशासनहीनता को कतई बर्दाश्त नहीं करती इसलिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने वर्तमान परिदृश्य में 350 से अधिक कार्यकर्ताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। और सैकड़ों कार्यकर्ताओं को अनुशासनहीनता के कारण पार्टी से निष्कासित किया है। मीडिया सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि वर्तमान चुनाव में जिस वार्ड या जिला पंचायत से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के के पक्ष में पार्टी के प्रति समर्पण एवं निष्ठा का उदाहरण देने वाले कार्यकर्ताओं का भी आने वाले समय में उचित सम्मान किया जाएगा और पार्टी के खिलाफ काम करने वाले कार्यकर्ताओं के खिलाफ पार्टी से निष्कासन की ठोस कार्यवाही की जाएगी । इसलिए श्री राजपूत ने सभी कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि संगठन के खिलाफ ऐसा कोई कार्य न करें जिससे पार्टी के प्रत्याशी पर विपरीत प्रभाव पड़े।

# महापौर प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार ने प्रचार के दौरान कहा आम आदमी पार्टी ही दे सकती है साफ-सुथरी सरकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 फरवरी।** आम आदमी पार्टी के महापौर प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार ने चुनावी युद्ध में कांग्रेस-भाजपा दोनों पर एक साथ निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में दोनों ही पार्टी एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं, इनमें किसी को नागनाथ किसी को सापनाथ कह सकते हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम में सत्ता कांग्रेस की रही हो या भाजपा की भ्रष्टाचार तो मिली भगत करके जमकर हुआ है। जनता अगर दोनों में से किसी एक को चुन भी लेती है तो भ्रष्टाचार पर कोई भी अंकुश नहीं लगने वाला है। अधिकारी-ठेकेदार और नेता मिलकर जनता को बेवकूफ बनाते रहे, इसलिए अगर नगर निगम में साफ सुथरी सरकार चाहिए, तो महापौर प्रत्याशी आम आदमी पार्टी का चुनना होगा।



श्री स्वर्णकार ने आगे कहा कि देश की राजनीति में आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में साफ सुथरी सरकार देने का सतत् प्रयास किया है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने उन्हें फिर भी बदनाम करने की साजिश रच डाली है। जनता इसे भी समझती है। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार ने जोर देकर कहा कि हम शहर में पार्टी के झाड़ु से पूरे भ्रष्टाचार को साफ कर देंगे और आम आदमी की बुनियादी समस्याओं को हल करने के लिए ईमानदारी से काम करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम राजनांदगांव में भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा-कांग्रेस दोनों ही पार्टी में भ्रष्टाचार को हो बढ़ावा दिया, जिसमें जनता का विकास नहीं हो पाया, इसके न जाने अनेक उदाहरण है। राज्य की सत्ता सीन भाजपा की चिंता बढ़ी हुई है, क्योंकि विधानसभा चुनाव के समय किए गए वायदों को पूरा नहीं कर पा रही है। विशेष तौर से हजारों की संख्या में किसान समर्थन दर की राशि एक मुस्त नहीं मिलने से तथा पिछला बोनस नहीं मिलने से नाराज है, वहीं महतारी वंदन योजना के लाभ से वंचित महिलाएं भी भाजपा से ना खुश हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन क्षेत्र का नगर निगम होकर भी राजनांदगांव की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव के विकास के लिए समुचित ध्यान नहीं दिया है, जिसकी वजह से इस शहर का पिछड़ापन बरकरार है। पूर्व में मधुसूदन यादव जब नगर निगम के महापौर थे, उस समय भी भ्रष्टाचार की लगातार मामले सामने आए थे और यह भ्रष्टाचार किसी से छुपी नहीं है। सौंदर्यीकरण, बिजली, पानी, नाली, रोड सहित अनेक कार्यों में भ्रष्टाचार हुए थे। वहीं 5 साल तक कांग्रेस के शासनकाल में नगर निगम की दुर्दशा से भी संस्कारधानी के लोग दुखी है। नगर पालिका निगम में 5 साल तक सत्ता सुख भोग कर अपना घर अपनी जेब भरने वाली कांग्रेस को इस बार जनता पूरी तरह नकार रही है। कांग्रेस नगर निगम में शासन करते हुए राजनांदगांव के चमन को उजड़ाने का काम किया है। साथ ही नगर निगम में 5 साल तक कांग्रेस की सत्ता से अधिकारी-कर्मचारी बहुत परेशान रहे हैं। नगर निगम में कांग्रेस सत्ता में रहते हुए अनेक भ्रष्टाचार की किए हैं, जिसका खामियाजा होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में उठाना पड़ेगा। महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्रमांक 10 अंबेडकर चौक में एक जनसभा को संबोधित करते हुए महापौर प्रत्याशी आम आदमी पार्टी के कमलेश स्वर्णकार ने भाजपा कांग्रेस को जमकर निशाना साधा और कहा कि उनके कार्यकाल में कहीं कोई विकास इस वार्ड में नहीं हुआ है आज ये वार्ड मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा हैं। वरिष्ठ पत्रकार के रूप में शहर जिले में स्थापित हो चुके हैं। कमलेश स्वर्णकार महापौर प्रत्याशी आम आदमी पार्टी के के रूप में धुआंधार जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार जारी रखा है। इस दौरान उनका वर्चस्व बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

## जिला पंचायत सदस्य के 13 पदों के लिए 53 अभ्यर्थी लड़ेंगे चुनाव

**राजनांदगांव 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 13 पदों के लिए 68 अभ्यर्थी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया था। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा में 67 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए और 1 नाम निर्देशन पत्र निरस्त किया गया। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए प्राप्त कुल 67 नाम निर्देशन पत्रों के विधि मान्य होने के बाद 14 अभ्यर्थी ने नाम वापस लिया है। इसी तरह जिला पंचायत सदस्य के 13 पदों के लिए 53 अभ्यर्थी के मध्य निर्वाचन होगा। प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जयश्री जैन की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत सदस्य के 13 पदों के लिए निर्वाचन लडऩे वाले 53 अभ्यर्थियों को प्रतीक (चुनाव चिन्ह) आबंटित किया गया।

# दो जिला पंचायत क्षेत्रों में भाजपा-कांग्रेस के अलावा बागी मैदान में

- दो में सीधा मुकाबला
- चुनाव चिन्ह का आबंटन
- कांग्रेस अंतर्कलह से जूझ रहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 7 फरवरी।** विकासखण्ड छुरिया के चार जिला पंचायत क्षेत्रों में नाम वापसी के बाद जहां दो जिला पंचायत क्षेत्रों में भाजपा कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के अलावा दोनों दलों के बागी प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में हैं । ऐसे में इन क्षेत्रों में मुकाबला काफी टक्कर का होगा । वहीं दो जिला पंचायत क्षेत्रों में भाजपा कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों में सीधा मुकाबला होगा । जिला पंचायत चुनाव में नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दिया गया है । जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 12 गैन्दाटोला में भाजपा कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के अलावा दोनों दलों के बागी भी चुनाव में हैं । भाजपा से जहां जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव चुनाव लड़ रही है वहीं भाजपा के दो बागी जिनमें पूर्व जिला पंचायत सदस्य रह चुकी श्रीमती किरण साहू एवं भाजपा समर्थित जनपद सदस्य रह चुके हिरेन्द्र साहू भी इस बार चुनाव मैदान में है । जिससे भाजपा प्रत्याशियों की राह मुश्किल भरी लग रही है । यही हाल कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष छुरिया के श्रीमती राजकुमारी सिन्हा के समक्ष है । कांग्रेस पार्टी ने जैसे ही उनको अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया वैसे ही उनके खिलाफ गैन्दटोला क्षेत्र के कांग्रेसी लामबंद होकर उनका विरोध शुरू कर दिये । ब्लाक कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया ग्रुप में गैन्दाटोला क्षेत्र के कर्मठ पदाधिकारी एवं क्षेत्र से टिकट की दावेदारी करने वाले ने कहा कि इस क्षेत्र में जिनका नाम कांग्रेस पार्टी ने टिकट वितरण में अधिकृत किया है उनका चयन प्रक्रिया का पैमाना क्या रहा है और उन्होंने कहा कि इसका संगठन जवाब दे । यह स्थानीय जमीनी कार्यकर्ताओं का अपमान है । वहीं जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने भी इसका तीव्र विरोध करते हुए कांग्रेस से बागी होकर नामांकन दाखिल कर अपना रूख स्पष्ट कर दिया । नाम वापसी के बाद वे इस चुनावी महासंग्राम में चुनाव लड़ रहे हैं । इसी तरह कांग्रेस के पदाधिकारी प्रकाश शर्मा ने आज अपना नामांकन वापस ले लिया है । इस तरह जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 12 गैन्दाटोला में भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशियों के अलावा दोनों दलों के बागियों सहित नौ प्रत्याशी चुनाव मैंदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं ।

कांग्रेस में टिकट वितरण से खफा जिला पंचायत सदस्य कान्ति भण्डारी ने बागी रूख अख्तियार करते हुए दूसरी बार जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 13 कुमर्दा से चुनाव लड़ रही है । वहीं भाजपा ने गोपाल भूआर्य को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है । कांग्रेस से खुज्जी विधायक की पसंद प्रताप धावड़े को अधिकृत कर इस बार भाजपा कांग्रेस के अलावा बागी सहित तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में है ।

जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 10 घोर तलाव से दो बार की कांग्रेस पार्टी की जिला पंचायत सदस्य रह चुकी श्रीमती रामछत्रीय चंद्रवंशी पर पुनः तीसरी बार भरोसा जताते हुए उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी अधिकृत किया गया है वहीं भाजपा ने नए चेहरे पर दांव खेला है । यहां से अनिता चंद्रवंशी को चुनाव में उतारा है वहीं जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 11 बम्हनी से भी भाजपा कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों में सीधी टक्कर है । यहां कांग्रेस ने श्रीमती अश्वनी मंडलोई वहीं भाजपा से श्रीमती पिंगला बाई चुनावी मैदान में है । इन दोनों ही जिला पंचायत क्षेत्र में भाजपा कांग्रेस में सीधा मुकाबला होना है ।

समाचार संक्षेप

## मोहला जनपद पंचायत के 548 वार्ड निर्विरोध, रामगढ़ ग्राम पंचायत बनी मिसाल

**मोहला 7 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जनपद पंचायत मोहला के 57 ग्राम पंचायतों में कुल 742 वार्डों में से 548 वार्डों में निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है जो ग्रामीण क्षेत्र में आपसी सामंजस्य और सहयोग का प्रतीक है। विशेष रूप से रामगढ़ ग्राम पंचायत ने इतिहास रच दिया है। यहां पूरे पंचायत बॉडी, सरपंच से लेकर पंच तक के सभी पद निर्विरोध चुने गए। रामगढ़ ग्राम पंचायत के इस निर्णय को ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग और एकजुटता का परिणाम माना जा रहा है। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि मोहला क्षेत्र में इस प्रकार का शांतिपूर्ण और निर्विरोध निर्वाचन ग्रामीण समाज में आपसी विश्वास और सामंजस्य को दर्शाता है। निर्विरोध चुने गए प्रतिनिधियों ने ग्रामीण विकास और समृद्धि के लिए अपने प्रयासों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया है। यह परिणाम पंचायत राज व्यवस्था की सफलता और ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति बढ़ते विश्वास को उजागर करता है। उल्लेखनीय है कि पूर्व निर्वाचन में भी यह ग्राम पंचायत निर्विरोध संपन्न हुआ था।

## निर्वाचन प्रचार-प्रसार के लिए 9 फरवरी को रात्रि 10 बजे तक अभ्यर्थी चला सकेंगे माइक सिस्टम

**राजनांदगांव 7 फरवरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत महापौर व अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु निर्वाचन लडऩे वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रचार-प्रसार की अंतिम तिथि 9 फरवरी 2025 को रात्रि 10 बजे तक रहेगी। निर्वाचन प्रचार-प्रसार के लिए रात्रि 10 बजे तक अभ्यर्थी माइक सिस्टम का उपयोग कर सकते है। रात्रि 12 बजे प्रचार- प्रसार बंद हो जाएगा। चुनाव प्रचार रात्रि 12 बजे तक ही किया जा सकता है। रात्रि 12 बजे के पश्चात कोई चुनाव प्रचार नहीं होगा। रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति नहीं होने के कारण रात्रि 10 बजे से रात्रि 12 बजे बीच सामान्य चुनाव प्रचार किया जा सकेंगा।छत्तीसगढ़ स्थानीय प्राधिकारी (निर्वाचन अपराध) अधिनियम 1964 की धारा 3 के अनुसार कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन क्षेत्र में उस दिनांक या उन दिनांकों को जिनको की उस निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन के लिए मतदान किया जाना हो एक दिन पहले कोई सार्वजनिक सभा नहीं बुलाएगा, न करेंगा और न उसमें उपस्थित होगा। इस अनुबंध का उल्लंधन अधिनियम के अनुसार दण्डनीय अपराध की श्रेणी में है। मतदान के ठीक एक दिन पहले सार्वजनिक तौर पर चुनाव प्रचार नहीं किया जा सकता है। इसके अंतर्गत सार्वजनिक सभाएं, जुलुस, नुक्कड़ सभाएं, लाऊडस्पीकर का उपयोग इत्यादि पूर्णत~ प्रतिबंधित रहेगा।

## जुपिटर वर्ल्ड पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में मना बसंत पंचमी पर्व



**कांकेर 7 फरवरी।** जुपिटर वर्ल्ड पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर में बसंत पंचमी का पर्व अत्यंत हर्षोल्लाह उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। 3 फरवरी 2025 को आयोजित कार्यक्रम में नर्सरी श्चश्च1 एवं पी 2 के बच्चों ने मनमोहक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेकर पलकों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया वही विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर अपनी कला एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल श्रीवास्तव ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा जुपिटर वर्ल्ड विद्यालय जहां शिक्षा में पढ़ाई के मामले में सदैव उत्तम व अग्रणी रहा है वही छात्र-छात्राओं में छुपी प्रतिभा को निखारने का अथक प्रयास भी करता है। उन्होंने विगत वर्ष 2023 24 में 95त्न अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा इस वर्ष 90त्न से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने की बात कही। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों का भरपूर योगदान रहा। शिक्षकों के अथक प्रयास व मेहनत एवं छात्र-छात्राओं के लगन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## प्रेक्षक जयश्री जैन ने स्ट्रांग रूम, निर्वाचन प्रशिक्षण और रेंडमाईजेशन का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के संचालन एवं प्रेक्षण कार्य हेतु नियुक्त प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जयश्री जैन ने स्ट्रांग रूम, निर्वाचन प्रशिक्षण केन्द्र, रेंडमाईजेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम के व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने म्यूनिसिपल स्कूल में मतदान दलों को दिए जा रहे निर्वाचन प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान अधिकारियों-कर्मचारियों को उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा। प्रशिक्षण में सभी पहलुओं को बारिकी से समझने कहा। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश्वरी बाघे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# टाउन न्यूज के डिबेट में छुरिया नगर पंचायत के भ्रष्टाचार का मामला उछला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 7 फरवरी।** अंचल का नामी नगर पंचायत छुरिया में इन दिनों नगरीय निकाय चुनाव का जबरदस्त मुकाबला देखने को मिल रहा है । चुनाव के रंग में छुरिया नगर पूरी तरह सराबोर नजर आ रही है, सभी प्रमुख दल और निर्दलीय प्रत्याशियों ने लोक लुभावने वादों के साथ जनता को रिझाने के लिए पूरी ताकत लगा रही है । इन्ही चुनाव के रंग में इंडिया टाउन न्यूज के द्वारा आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 6 जनवरी 2025 को नया बस स्टैंड में रखा गया था ताकि परिणाम पूर्व छुरिया नगर की आम जनता की मंशा और उनके भावी अध्यक्ष तथा नगर की समस्या को लेकर आम जनता और प्रत्याशियों के बीच आमने सामने वाद विवाद में हिस्सा लिया । इसी कड़ी में सत्ताधारी भाजपा के अजय पटेल ने कहा कि यदि वे अध्यक्ष बनते है तो पानी , बिजली , धरोहरों का सौंदरियाकरण , गार्डन , विवादित निर्मित 100 दुकानों को 45 दिन के अंदर पात्र और बेरोजगार युवाओं में आबंटन करेंगे और कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी रितेश जैन ने अपने घोषणा पत्र के अनुसार नगर की जनता को रिझाने का प्रयास करते दिखे , वहीं हमर राज पार्टी के प्रत्याशी मनभावन सिंह उईके के जवाबी हमलों से दोनों प्रमुख पार्टी बचते दिखी उन्होंने पूर्व में सत्ता में रही कांग्रेस और भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए



भ्रष्टाचार के मुद्दों को उछाला और कहा कि नगर की जनता उन्हें चुनती है तो उनके सभी मूलभूत समस्याओं का निराकरण करने का अथक प्रयास करेंगे एवं निर्दलीय उम्मीदवार भोजवानी साहू ने कहा कि इंदौर शहर की तरह छुरिया नगर को भी स्मार्ट नगर बनायेगे , और पूर्व में नगराध्यक्ष रही राजकुमारी सिन्हा के कार्यकाल के दौरान हुए कार्यों में भ्रष्टाचार को उजागर करते दिखे । इस आयोजन में सबसे ज्यादा विवादित व्यवसायिक परिसर आबंटन का मामला , पेयजल व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, भूमि पट्टा, स्वागत द्वार आदि की चर्चा रही । एवं दर्शक दीर्घा से लगातार आम जनताओं के द्वारा पूर्व कांग्रेस अध्यक्षा राजकुमारी सिन्हा के कार्यकाल में हुए मंडी रोड से चिचोला लिंक सी सी रोड , कोरोना काल में खराब राशन आबंटन , तीन तीन लाख लेकर पात्र अपात्रों को व्यवसायिक परिसर आबंटन , मृत व्यक्तियों के पेंशन का 90 हजार रुपए गबन आदि भ्रष्टाचार के मामलों का हल्लाबोल इस वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रमुख विषय रहा ।

# रायपुर में अपना विस्तार करते हुए इंटरनेशनल फैशन में दस्तक दे रहा शॉपर्स स्टॉप

**रायपुर, 7 फरवरी।** भारत का प्रमुख फैशन, ब्यूटी और गिफ्टिंग डेस्टिनेशन, शॉपर्स स्टॉप, रायपुर में अपने दूसरे स्टोर के शुभारंभ साथ अपने ग्राहकों के लिए एक नई शॉपिंग यात्रा की शुरुआत कर रहा है। पंडेरी रोड पर स्थित शॉपर्स स्टॉप का यह स्टोर रायपुर के फैशन प्रेमियों को स्टाइल, एलिगेंस और शॉपिंग के बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगा, जिससे वे खरीदारी को लेकर हर बार एक नया एहसास कर सकेंगे।

यह स्टोर 500 से अधिक प्रीमियम ब्रांड्स का क्यूरेटेड कलेक्शन पेश करता है, जिसमें फैशन के नवीनतम ट्रेंड्स, ब्यूटी एसेंशियल्स, घड़ियाँ, बैग्स और गिफ्टिंग ऑप्शन्स शामिल हैं, जो सभी एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। ग्राहक यहाँ ब्यूटी मेकओवर और पर्सनल शॉपर प्रोग्राम जैसी विशेष सेवाओं का आनंद ले सकते हैं, जो शॉपिंग को सहज और व्यक्तिगत अनुभव बनाती हैं। इसके अलावा, जाने-माने फर्स्ट सिटीजन्स क्लब मेंबरशिप प्रोग्राम में विशेष लाभ दिए जाते हैं, जबकि एक्सक्लूसिव ब्लैक कार्ड मेंबरशिप प्रीमियम विशेषाधिकार, अनोखे इवेंट इनवाइट्स और एक साल की रिटर्न पॉलिसी जैसी सुविधाएँ प्रदान करती है।

शहर में स्टोर के विस्तार के बारे में बोलते हुए, श्री कविंद्र मिश्रा, कस्टमर केयर एसोसिएट, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, शॉपर्स स्टॉप लिमिटेड, ने कहा, मध्य भारत एक गतिशील और तेज़ी से बढ़ता हुआ बाज़ार है, और रायपुर अपने तेजी से विकास, मजबूत अर्थव्यवस्था और आकांक्षी उपभोक्ता आधार के साथ विशेष स्थान रखता है। यहाँ हमारा विस्तार भारत को अच्छा दिखने और आत्मविश्वास महसूस करने के लिए प्रेरित करने के हमारे संकल्प को फिर से साबित करता है, साथ ही विश्वस्तरीय शॉपिंग अनुभव प्रदान करने की दिशा में हमारे प्रयासों को साकार करता है। हम रायपुर के फैशन-प्रेमी ग्राहकों के साथ अपने संबंध को और भी बेहतर बनाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्हें शॉपर्स स्टॉप का सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।



जाने-माने ब्रांड्स की विस्तृत श्रृंखला के साथ, रायपुर में लॉन्च किया गया यह नया शॉपर्स स्टॉप स्टोर फैशन और लाइफस्टाइल की सभी जरूरतों के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन बनने के लिए तैयार है। ग्राहकों को यहाँ लोकप्रिय ब्रांड्स, जैसे- टॉमी हिलफिगर, कैल्विन क्लाइन, अमेरिकन ईगल, रेरिज़्म, ओनली, वेरो मोडा और डब्ल्यू के साथ ही साथ लोरियल और मैक जैसे ब्यूटी ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स मिल सकेंगे। स्टोर में फॉसिल, अर्मानी एक्सचेंज, माइकल कोर्स और स्वारोवस्की की घड़ियों का शानदार कलेक्शन भी उपलब्ध है, साथ ही गेस, पुलिस और रॉयल एनफील्ड के सनग्लासेस की शानदार रेंज का लुफ्त भी उठा सकते हैं। लग्जरी फ्रेगरेन्स के शौकीन ग्राहकों के लिए वालेंटिनो, प्राडा, सल्वाटोरे फेरगामो, बॉस, वर्साचे और अर्मानी जैसे ब्रांड्स से सिग्नेचर परफ्यूम्स की रेंज उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, कैरोट, वेरो मोडा गर्ल और यूसीबी किड्स जैसे ब्रांड्स के बच्चों के कपड़े यह सुनिश्चित करते हैं कि युवा फैशन प्रेमी भी पीछे न रहें। जैसे-जैसे रिटेल इंडस्ट्री विकसित हो रही है, शॉपर्स स्टॉप भी अपने ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को जारी रखे हुए है। रायपुर में इस दूसरे स्टोर का शुभारंभ ब्रांड की फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल रिटेल में उत्कृष्टता प्रदान करने के प्रति समर्पण को और मजबूत करता है।

## नए माडलों की लॉचिंग से ऑटो एक्सपो में बढ़ा आकर्षण

**रायपुर 7 फरवरी।** शानदार मिल रहे रिस्पांश से साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित ऑटो एक्सपो में शामिल ऑटोमोबाइल डीलर्स उत्साह से लबरेज नजर आ रहे हैं। उन्हें आयोजन शुरु होने से पहले उम्मीद तो थी अच्छा बिजनेस होगा, पर इतना भी जोरदार होगा इसका अंदाजा नहीं था। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आजीवन रोड टैक्स पर दिए जा रहे 50 फीसदी की छूट से इसे भरपूर समर्थन मिला है। हालांकि महीने भर के आयोजन में लगातार बिक्री करना भी और कस्टमर की डिमांड को पूरी करना एक चुनौती भी थी, जिसमें वे पूरी तरह से सफल रहे। पांच फरवरी तक स्थिति में कुल 17561 वाहनों की बिक्री हो चुकी है। आज अग्रणी वाहन निर्माता कंपनी टीवीएस ने टीवीएस 3 व्हीलर ईवी की भव्य लांचिंग की। खूबियों से भरपूर इस न्यू माडलको काफी पसंद किया जा रहा है। रोजाना लॉचिंग, फैशन शो, फेमस बैंड, डांस ग्रुप, बबल आर्टिस्ट और सेलिब्रिटी फरफार्म के अलावा क्वीज कांटेस्ट, फूड कोर्ट भी एक्सपो में मुख्य आकर्षण बने हुए हैं। टीवीएस 3 व्हीलर ईवी की हुई लॉचिंग राडा के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी ने बताया कि हर दिन कोई न कोई नया मॉडल लांच किया जा रहा है। रायपुर के ऑटो एक्सपो में गुरुवार को टीवीएस कंपनी ने ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर लॉन्च किया है।

■ संगठन के विचारो से हुआ मोहभंग और मिली निराशा एवं संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद के चलते किए आत्मसमर्पण

# पांच-पांच लाख के ईनामी नक्सल दंपत्ति ने किया पुलिस के समक्ष समर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 7 फरवरी।** पुलिस महानिरीक्षक, दीपक झा राजनांदगांव रेंज जिला राजनांदगांव के मार्गदर्शन व वाय.पी. सिंह, पुलिस अधीक्षक जिला-मोहला-मानपुर अं0चौकी के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत् डीआरजी टीम एवं केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल, आईटीबीपी तथा जिला पुलिस बल के द्वारा किए जा रहे संयुक्त प्रयासो से तथा छ.ग. शासन की नई पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण निति योजना से प्रभावित होकर दण्डकारण्य के माड डिविजन प्रेस युनिट के कमाण्डर पवन तुलावी उर्फ सोमलाल ने अपनी पत्नी पायके ओयाम के साथ पुलिस अधीक्षक जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।



आत्मसमर्पित माओवादियों के नाम पवन तुलावी उर्फ सोमलाल पिता मलिंग साय तुलावी उम्र 37 साल साकिन दोरदे (स्कुलपार) थाना मदनवाड़ा जिला एमएमएसी, एरिया कमेटी सदस्य माह डिविजन प्रेस यूनिट कमाण्डर पायके ओयाम पिता ईरपा ओयाम उम्र 27 साल साकिन ताडबलला थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर, प्लाटुन नं- 16 की पी.पी.सी.एम.

वर्ष 2008 में मदनवाड़ा-कोडेकुर्से एलओएस में भर्ती होने के बाद वर्ष 2009 से 2012 पल्लेमाडी एल.ओ.एस. में कार्य किया। वर्ष 2013 से 2019 तक में माड डिविजन के जनताना सरकार में शिक्षक के रूप में कार्य करते हुए वर्ष 2016 में एसीएम के पद पर पदोन्नत किया गया। वर्ष 2020 से समर्पण होने तक माड डिविजन प्रेस यूनिट कमाण्डर के रूप में काम कर रहा था। 2011 में इन्द्रावती एरिया में चेतना नाट्य मंच में कार्य किया। वर्ष 2012 में जनताना सरकार स्कुल ग्राम रेकावाही में पढ़ाई करने के बाद वर्ष 2014 में केन्द्रीय कमेटी एवं पोलित ब्यूरो सदस्य सोनु उर्फ भूपति की सुरक्षा गार्ड टीम की सदस्या के रूप में काम की। वर्ष 2018 में प्लाटुन नं 16 में ट्रांसफर किया गया।

छ. ग. शासन की पुनर्वास निति की व्यापक प्रचार-प्रसार पुनर्वास योजना के तहत लाभ एवं परिवार के साथ खुशहाल जीवन जीने की सोच लिये समाज के भटके माआवादियों ने संगठन में उनके कार्यों की उपेक्षा करना, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं माओवादियों के द्वारा आदिवासियों पर किये जा अत्याचार से त्रस्त होकर छ.ग. शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नितियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए उक्त माओवादी दंपत्ति ने पुलिस के समक्ष किया।

## संपादकीय

# मोदी पर वार मतलब करारा पलटवार

राजनीति में राजनीतिक दलों के नेता रोज बोलते हैं, रोज बयान देते है,रोज आरोप लगाए जाते हैं, संसद व विधानसभा में भी बोलने व आरोप लगाने का मौका मिलता है। एक दूसरे पर वार-पलटवार किया जाता है। किसी भी नेता के कहने या बोलने का असर तब होता है जब तथ्यों के आधार पर बात करता है, जनता को लगता है कि हां यह नेता सच कह रहा है जो नेता महज आरोप लगाते हैं और यह ध्यान नहीं रखते हैं, उनके कहने पर उन पर जबरदस्त प्रहार किया जा सकता है, उनको वार के जवाब में जबरदस्त पलटवार का सामना करना पड़ता है, उनका देश भर में मजाक बन जाता है। संसद में ऐसा कई बार हो चुका है, राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं तो वह कई बार पीएम मोदी को तरह तरह के आरोप लगाकर फेल बताने की कोशिश करते हैं, लेकिन वह तथ्यों के आधार पर अपनी बात नहीं कहते है, इसलिए हमेशा पीएम मोदी जब जवाब देते हैं तो राहुल गांधी मजाक का पात्र बनकर रह जाते हैं क्योंकि बीस साल बाद वह सीख नहीं पाए हैं कि किसी की आलोचना तथ्यों के आधार पर कैसे की जा सकती है। वह आलोचना कर रहे हैं तो जिसकी आलोचना की जा रही है, वह बदले में क्या कह सकता है, उसके कहने का क्या असर हो सकता है, इन बातों को वह ख्याल नहीं रखते हैं, इसलिए हमेशा राहुल गांधी बोलने के बाद मोदी के पलटवार के वक्त कमजोर नेता माने जाते हैं।सब जानते हैं कि चुनाव हारने वाला नेता जीतने वाले नेता से छोटा माना जाता है, हारा हुआ माना जाता है। देश की राजनीति में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को पीएम मोदी की बराबरी का नेता बताने की कोशिश करते हैं लेकिन राहुल गांधी पीएम मोदी से हारे हुए नेता साबित हो जाते हैं। चुनाव में तो वह पीएम मोदी तीन लोकसभा चुनाव के साथ ही कई विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। इसके बाद भी वह जब पीएम मोदी पर कहीं भी हमला करते हैं तो मोदी उनके हर हमले का जवाब नहीं देते हैं, ऐसा करके वह साबित करते हैं कांग्रेस भले माने राहुल गांधी मोदी की टक्कर का नेता है लेकिन मोदी उनकी हर बात का जवाब न देकर यह साबित करते रहते हैं, राहुल गांधी को वह अपनी टक्कर का नेता नहीं मानते हैं। संसद में जब भी रुाहल गांधी पीएम मोदी को किसी भी तरह से फेल बताने का प्रयास करते हैं तो इसका जवाब जब पीएम मोदी देते हैं तो वह साबित कर देते हैं कि उनको फेल बताने वाले कई मामलों में तो उनसे ज्यादा फेल हैं। पीएम मोदी जब भी संसद में लोकसभा या राज्यसभा में बोलते हैं तो वह यह बात जरूर कहते हैं कि राहुल गांधी हों या विपक्ष के नेता तैयारी करके नहीं आते हैं। तैयारी करके नहीं आते हैं, इसलिए उनकी बातों का संसद के भीतर व देश में कोई खास असर नहीं होता है। राहुल गांधी व पीएम मोदी के भाषण को सुनकर ही इस बात का अंदाजा कोई भी आसानी से लगा सकता है कि किसने अपने भाषण के लिए कितनी तैयारी की है। संसद के भीतर राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद जिस स्तर की तैयारी करके आना चाहिए, अब तक नहीं आए हैं हर बार लगता है कि वह मोदी की आलोचना तो करना चाहते हैं लेकिन तैयारी करके नहीं करते हैं, वही पुरानी बातों को लेकर वह पीएम मोदी को सवालों के घेरे में खड़ा कर फेल बताने का प्रयास करते है और पीएम मोदी की बोलने की बारी आती है तो वह अपने जवाब से हर सवाल का जवाब देते हैं और बताते हैं कि वह हर मामले में कैसे सफल है और राहुल गांधी व उनकी पार्टी कैसे विफल है।राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए पीएम मोदी ने राहुल गांधी के राष्ट्रपति के अभिभाषण को बोरिंग कहने पर राहुल गांधी को करारा जवाब दिया कि जो लोग गरीबों की झोपड़ी में जाकर फोटो सेशन कराते हैं, उनको गरीबों के हित में कहीं गई बाते बोरिंग ही लगेगी।उन्होंने सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रपति के लिए बेचारी कहने पर जवाब देते हुए कहा कि यह देश की प्रथम नागरिक का अपमान है, आप महिला राष्ट्रपति का सम्मान नहीं कर सकते तो यह आपकी मर्जी है लेकिन उनका अपमान करने के लिए क्या क्या नहीं कहा जा रहा है। यही नहीं राहुल गांधी एससी,एसटी की बातें बहुत करते हैं, इसके जवाब में पीएम मोदी ने कहा कि गांधी परिवार से तीन लोग संसद में है, क्या किसी एससी एसटी परिवार से तीन ीन सांसद हैं क्या। राहुल गांधी खुद तो मोदी के कद के बराबर नेता नहीं बन पाए हैं, निरंतर चुनाव हारने से उनका राजनीतिक कद कम हुआ है और मोदी का राजनीतिक कद बढ़ा है, वह इस आधार पर तो मोदी को खुद से छोटा बता नहीं सकते, मोदी को फेल बता नहीं सकते तो वह पीएम मोदी को फेल बताने के लिए चीन को मोदी के सामने खड़ा करने का प्रयास करते हैं, यह कहते हैं कि चीन भारत की सीमा में घुसा हुआ है, सेना व पीएम मोदी की बाते इस मामले में अलग अलग हैं।इसमें राहुल गांधी असफल होते हैं क्योंकि पूरा देश जानता है कि चीन के सामने भारत डटकर खड़ा रहा है और इसी कारण चीन को भारत की बात माननी पड़ी है और वह जहां से हटना नहीं चाह रहा था, वहां से हटना पड़ा है। चीन के मामले में चीन को भारत के सामने झुकना पड़ा है, लेकिन राहुल गांधी इसके उल्टा कहते हैं तो देश के लोगों को उनकी बातों पर भरोसा नहीं होता है। लोगों के मन में सवाल पैदा होता है कि राहुल गांधी भारतीय होने के बाद भी भारत की तारीफ करने की जगह चीन की तारीफ क्यों करते हैं। चीन की तारीफ कर भारत को छोटा साबित क्यों करते हैं। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा जयशंकर की अमरीका यात्रा को लेकर जो कुछ कहा, उस पर जयशंकर ने साबित कर दिया कि राहुल गांधी झूठ बोल रहे है, इसी के साथ पीएम मोदी ने भी राहुल गांधी को हंसी का पात्र बना दिया कि वह खुद को विदेश नीति मामले में मेच्योर बताने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन मेच्योर नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी को कांग्रेस की विदेश नीति को जानने के लिए जिस पुस्तक को पढ़ने की सलाह दी, वह भी चर्चा का विषय रहा। यही नहीं उन्होने कांग्रेस के समय होने वाले भ्रष्टाचार के कारण देश को कितना नुकसान होता है, इस ओर ध्यान दिलाते हुए देश को बताया कि कांग्रेस व भाजपा की राजनीति में बड़ा फर्क यह है कि भाजपा भ्रष्टाचार रोककर पैसा बचाती है और उसका उपयोग भी देश व जनता के लिए करती है जबकि कांग्रेस के समय भ्रष्टाचार के कारण विकास प्रभावित होता था। पीएम मोदी ने कांग्रेस व भाजपा की तुलना कई तरह से करते हुए बताया कि भाजपा कई मामलों में कांग्रेस से पहले भी बेहतर थी और आज भी बेहतर है।

चिंतन

किशन सनमुखदास भावनानीं

# चुप रहना और माफ करना दो अनमोल हीरे - चुप रहने से बड़ा कोई जवाब नहीं, माफ कर देने से बड़ी कोई सजा नहीं!

मानवीय जीव इस सृष्टि में अनमोल हीरा है।मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार समाया हुआ है, परंतु हम अपने आप की शक्ति को पहचानने की कोशिश नहीं करते बल्कि हमेशा दूसरों की ताकझांक करते रहते हैं। हर क्षेत्र में दूसरों से प्रतियोगिता करने पर उतारू हो जाते हैं,कुछ नया करने की नहीं सोचते।अपनी बुद्धि का सकारात्मक उपयोग लेने पर अगर हम उतारू हो गए!तो हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं क्योंकि इतनीं बुद्धि कौशलता हर एक भारतीय में समाई हुई है। बस!जरूरत है उसे पहचान कर निखारने की परंतु हम अपने ही बढ़ बोलेपन से घिरे रहते हैं, दूसरों की टांग खींचने में हमको मजा आता है। किसी भी नकारात्मक विस्तार वादी बात को समाधान कर समाप्त करना जैसे हमने सीखे ही नहीं? जबकि भारत माता की मिट्टी में ही मानवीय गुणों की खान समाई हुई है जिसे हमें चुनकर अपनाना है। आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से गुणों की खान के दो हीरे चुप रहना और माफ करना पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम मानवीय अनमोल गुण चुप रहने की करें तो, बड़े बुजुर्गों की इस पर दो कहावतें हैं (1) बोलत बोलत बड़े बिखात, पहली कहावत का भावार्थ है, अति बोलने से ही बातें बिगड़ती है झगड़े दंगे फसाद मारपीट हत्याएं तक हो जाती है इसलिए चुप भली,(2) अति का भला ना बोलना अति की भली न चूप, अति का भला न बरसना अति की भली न धूप, याने दूसरी कहावत का भावार्थ अति चुप रहने को भी नकारा गया है याने अन्याय के खिलाफ चुप रहना हानिकारक है। परंतु हमें इसका निर्णय अपने समाज और राष्ट्र के फायदे को देखकर ही लेना है परंतु मेरा मानना है चुप रहने से कई फायदे हैं और सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है। बोलने से पहले हमें याद रखना होगा के (1) बिना तथ्य के ना बोले (2) शब्दों से ठेस ना पहुंचे (3) पवित्र वस्तुओं सेवाओं का अपमान ना करें (4) क्रोध में चुप रहे (5) मुद्दे से संबंध ना होने पर चुप रहें (6) शब्दों से किसी को ठेस ना पहुंचे (7) चिल्लाने से चुप भली(8)अपमान से ना बोलें (9) जरूरत पड़ने पर सकारात्मक बोलें (10) निंदा से बचें।

साथियों बात अगर हम चुप रहकर भी अपनी दिमागी ताकत से जवाब देने की करें तो, चुप रहना और कुछ समय तक खुद को स्थिर रखना हमको एक अच्छा श्रोता और समीक्षक बनाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब हम चुप रहते हैं तो हम बोलने की बजाय अधिक से अधिक सुनते हैं और उसका विश्लेषण कर पाते हैं। इससे हम पूरे तर्क और वितर्कों को जानने के बाद सही फैसला ले पाते हैं। हम सभी पक्षों को सुनते,समझते और डिसिजन ले पाते हैं। चुप रहना हमारे दिमाग को शांत करता है और हमको लॉजिकल समीक्षक बनाता है हमारे चुप रहने से अनेक बार सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है।

साथियों हमारे शरीर का सबसे जटिल हिस्सा दिमाग होता है। ये पूरे शरीर को चलाता है और ये हमारे सभी इमोशंस को कंट्रोल करता है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने दिमाग को भी व्यायाम करवाएं। जिस तरह शरीर को मजबूत बनाने के लिए शारीरिक व्यायाम जरूरी है, उसी तरह दिमाग को मजबूत बनाने के लिए उनकी ताकत बढ़ाना जरूरी है। मौन रहना दिमाग के लिए एक व्यायाम जैसा ही है और इससे दिमाग की मांसपेशियां तंदरुस्त रहती हैं।चुप रहने के अपने शारीरिक और मानसिक फायदे भी हैं? विशेषज्ञ मानते हैं कि चुप रहने से व्यक्ति दिमागदार और उत्पादक बनने की और अग्रसर होता है जिससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वाध्याय स्वास्थ्य सुधार होने की संभावना बनी रहती है। व्यर्थ का बोलना ऊर्जा को नष्ट करना है, और यह बोलना ही हमें कभी अपने भीतर की ओर लौट ने नहीं देता , क्योंकि यह हमें बाहर की ओर झुकाए रखता है और जिन्हें भीतर की यात्रा करनी है उन्हें अपने मुंह को बंद ही रखना चाहिए। चुप रहने में अद्भुत शक्ति है।

साथियों बात अगर हम किसी को माफ करने की करें तो, खुद को दुख पहुँचाने या धोखा देने वाले व्यक्ति को माफ करना सबसे कठिन काम है। हालाँकि, यदि हम किसी के साथ अपने संबंधों को सुधारना चाहते हैं, तो उस के लिए हमको माफ करना सीखना भी जरूरी है या फिर सीधे तौर पर बीते हुए पलों




को भुलाकर, आगे बढ़ने की कोशिश करें। नकारात्मक भावनाओं से निपटना सीखें, हमको दुख पहुँचाने वाले व्यक्ति का सामना करें और अपने जीवन में आगे बढ़ते जाएँ। क्षमा करना पसंद करें, क्योंकि बड़े बुजुर्गों की कहावत भीहै क्षमादान महादान, क्षमा करके भी हम सामने वाले को एक यादगार सजा के रूप में दे सकते हैं। क्षमा की भावना लेकर, हमको नकारात्मकता को अपने से दूर करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए एकदम सचेत और सक्रिय निर्णय करने की जरूरत है। यह भावना आसानी से नहीं पनपती। खुद के अंदर क्षमा की भावना उत्पन्न करने के लिए हमको ही इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है।

साथियों लोग अक्सर इस तरह की बातें करते हैं, कि वे उस इंसान को नहीं भुला सकते, जिसने उन के साथ कुछ गलत किया है। वे ऐसा मानते हैं, कि अपने अंदर मौजूद दर्द और धोखा मिलने की भावना को भूलना उन के लिए असंभव है। लेकिन लोग इस बात को महसूस करने में नाकाम रह जाते हैं, कि क्षमा करना भले ही हमारी पसंद है, लेकिन अगर हम उस व्यक्ति को क्षमा करने का निर्णय लेते हैं, जिसने हमको कष्ट दिया हैं, तो यदि इस निर्णय से किसी को लाभ होता है, तो वो सिर्फ. हम हैं और सामने वाले को हमेशा के लिए उस माफी के रूप में एक सजा और हमारा बड़प्पन। जीवन में माफी मांगने की कला बहुत लोगों को बहुत अच्छे से आती है तो वहीं कुछ लोगों को माफी मांगना उतना ही कठिन लगता है. दरअसल माफी मांगना या फिर किसी को क्षमा करना उतना भी सीधी-सादी बात नहीं है, लेकिन ऐसा करने के बाद व्यक्ति बड़ा सुकून मिलता है. हमारे यहां क्षमा को वीरों का आभूषण कहा गया है. जिससे व्यक्ति के जीवन में अहंकार दूर होता है और वह स्वस्थ मन से जीवन जीता है इसलिए भूल करना मनुष्य का स्वभाव है लेकिन क्षमा करना देवताओं का गुण है।

अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार है। हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं।उनमें चुप रहना और माफ करना दो अनमोल हीरे हैं। चुप रहने से बड़ा कोई जवाब नहीं और माफ कर देने से बड़ी कोई सजा नहीं। मानवीय जीव में जन्म से ही भरपूर कौशलताएं समाई हुई है बस पहचान कर निखारनें की जरूरत है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सेहत में उतार चढ़ाव लेकर आने वाला है। यदि आपको कार्यक्षेत्र में कुछ समस्या चल रही थी, वह भी दूर होंगी। आप धन को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना करें। आपको संतान की कोई बात बुरी लग सकती हैं। परिवार के सदस्यों में आपसी लड़ाई झगड़ा आपकी टेंशनों को बढ़ा सकता है। आपने यदि सेहत में लापरवाही दिखाई, तो आपका कोई पुराना रोग उभर सकता है। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ किसी डेट पर जाने की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा। आज आप दिखावे के चक्कर में न आएं। आप अपने कुछ कामो को भी काफी हद तक समाप्त कर देंगे। आप अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलेंगे, लेकिन आप उसमें पुराने गिले शिकवे न उखाड़ें।

मिथुन- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके कामों से आपकी छवि और निखरेगी। नौकरी में कार्यरत लोगों के वेतन में वृद्धि होने से खुशी होगी, लेकिन आपके बॉस को यदि आप काम को लेकर कोई सुझाव देंगे, तो उन्हें वह खूब पसंद आएगा। आप कई कामों को लेकर नई योजना बना सकते हैं। आपको बिजनेस में मन मुताबिक लाभ मिलने से खुशी होगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। यदि आपके मन में किसी काम को लेकर संशय बना हुआ था, तो आप उसमे ढील बिल्कुल ना दें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। पिताजी से आपको किसी काम को लेकर डांट खानी पड़ सकती है। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मुलाकात करने आ सकता है। दान पुण्य के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। संतान को आप कहीं पिकनिक आदि पर लेकर जा सकते हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों भरा रहने वाला है। आपको बिजनेस में कोई बड़ा नुकसान होने की संभावना है, इसलिए आप किसी पर अंधा भरोसा ना करें। आपको अपने समय का सदुपयोग करना होगा। इधर-उधर बैठकर खाली समय व्यतीत करने से आपके कामों में रुकावटें आएंगी। परिवार के सदस्य आपकी बातों को पूरा महत्व देंगे। आप अपनी योजनाओं को कल पर टालने से बचे। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। यदि आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तो वह बढ़ सकती है।

कन्या- आज के दिन आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपके साहस व पराक्रम में वृद्धि होगी। आपको अपने जीवनसाथी से तालमेल बनकर चलना होगा, तभी आपका रिश्ता बेहतर चल सकेगा। संतान के भविष्य को लेकर आप कोई इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। आप अपने बिजनेस के कामों में कोई बदलाव करेंगे, जिससे आपके कामों में तरक्की होगी। आपको परिवार का कोई सदस्य नौकरी के लिए कहीं बाहर जा सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। यदि आप किसी यात्रा पर जाएं, तो आप अपने माता-पिता से आशीर्वाद लेकर जाए। परिवार में कुछ जरूरी मामलों को लेकर विचार विमर्श हो सकता है। आपको किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति होगी। आप अपने घर के रिनोवेशन पर भी अच्छा खासा धन खर्च करेंगे।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आपको किसी काम में जोखिम लेने से बचना होगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आपकी सुख सुविधा बढ़ने से खुशी होगी। आप दिखावे के चक्कर में ना आए, नहीं तो इससे आपका बेवजह धन खर्च होगा। जो लोग सिंगल है, उनकी अपने साथी से मुलाकात हो सकती हैं। आपको बेवजह यात्रा करने से बचना होगा। कार्य क्षेत्र में आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते है। आपको तरक्की करते देख आपकी समस्याएं बढ़ेंगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना होगा। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आपके परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। विद्यार्थियों को अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाना होगा। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होगी। आपकी यदि लंबे समय से किसी दोस्त से मिलने की इच्छा थी, तो वह पूरी हो सकती है। आप अपने घर किसी पूजा पाठ का आयोजन कर सकते हैं। यदि आपको किसी बात को लेकर कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। नौकरी का भी आपको अच्छा ऑफर मिलेगा। बिजनेस कर रहे लोगों का धन यदि डूबा हुआ था, तो वह मिलने की पूरी संभावना है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको योग्यता अनुसार काम मिलने से खुशी होगी। आप कहीं बच्चों को घुमाने लेकर जा सकते हैं। आप किसी से कोई वादा सोच समझकर करें। राजनीति में आपको अच्छी सफलता हासिल होगी। आपको किसी बड़े नेता से मिलने का मौका मिलेगा। आपके कामों से आपकी छवि और निखरेगी। यदि आप किसी पार्ट टाइम कार्य को करने की योजना बना रहे थे, तो उसके लिए भी आप समय निकालने में कामयाब रहेंगे।

मीन- आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको बेवजह किसी काम में लापरवाही करने से बचना होगा। नौकरी से जुड़े लोगों को कुछ समस्या हो सकती हैं। महिला मित्रों से आपको सावधान रहना होगा, नहीं तो वह आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेंगे। कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से विवादित था, तो उसमें भी आपको जीत मिलेगी।

# जान लो, पहचान लो, जनक और जननी से बड़ा कोई वेलेंटाइन नहीं

सुशील कुमार 'नवीन'



शुक्रवार से वेलेंटाइन वीक की शुरूआत हो रही है। आज के व्यवसायिक दौर की माने तो ये सात दिन प्रेम की अभिव्यक्ति की पराकाष्ठा होते हैं। व्यवहारिक दृष्टि इसके विपरीत है। देखा जाए तो प्रेम किसी पहचान का मोहताज नहीं होता है। प्रेम तो वास्तव में अंतर्मन की वो अभिव्यक्ति और अनुभूति है। न सुनाई पड़ती है और न दिखाई देती है। वह तो सिर्फ महसूस की जा शक्ति है। प्रेम कोई बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध वस्तु नहीं है तो फिर इसका व्यवसायीकरण क्यों? क्या प्रेम के लिए एक प्रेमिका का होना आवश्यक है? जिसने हमें जन्म दिया, पाला पोसा बड़ा किया। लड़खड़ाते कदमों को संभाल हमें आगे बढ़ाया। क्या वो प्रेम का अधिकारी नहीं है?

हिंदी के विख्यात साहित्यकार जयशंकर प्रसाद की एक प्रसिद्ध उक्ति है कि यह संसार भी बड़ा प्रपंचमय यंत्र है। वह अपनी मनोहरता पर आप ही मुग्ध रहता है। सीधा सा भाव है कि सरलता सदैव धोखा खाती है। यही वजह है कि जो तुमसे ज्यादा प्रेम करता है, उसकी तुम्हें पहचान ही नहीं हो पाती। चार दिन किसी के साथ तफरी क्या कर ली, वहीं जाने जहां हो जाते हैं। इसके लिए माता-पिता , घर-परिवार की इज्जत भी उछालनी पड़ जाए तो भी परवाह नहीं। माई लाइफ माई राइट कहकर झट से पल्ला झाड़ लेते हो। जब इस माई लाइफ का भूत सर से उतर जाता है तो वापसी के लिए इसके सिवाय कोई और जगह नहीं होती। मैं ये नहीं कहता कि संसार में प्रेम की उपयोगिता या महत्ता नहीं है। पर वेलेंटाइन के नाम पर जो भ्रमजाल लगातार पैर पसार रहा है। उस पर चिंतन बहुत जरूरी है। सबसे पहले जानो कि प्रेम का कोई एक दिन तय नहीं किया जा सकता। जीवन का हर एक क्षण हमें प्रेम और प्रेमालाप करने का अवसर प्रदान करता है। यह कोई उपहारस्वरूपी वस्तु के बदले का मोहताज नहीं होता। यह कभी किसी लालसा को जन्म नहीं देता। यह तो हमें एक ऐसी साधना की राह की ओर अग्रसर करता है जो अथाह है अनन्त है। सुनते रहो! प्रेम कोई समय में बंधने वाली प्रक्रिया नहीं है। यह तो युग युगांतर तक अमरता को प्राप्त होने वाली ऐसी दिव्य और अलौकिक ज्योति है जिसका प्रकाश कभी मंद हो ही नहीं सकता। प्रेम कभी नहीं कहता कि उसे गुलाब चाहिए, उपहार चाहिए। वह तो सिर्फ आत्मीयता चाहता है। जो सिर्फ पवित्र हृदय से मिलती है। आज के समय में आत्मीयता का प्रेम के रूप में कोई महत्व दिखता ही नहीं है।

सुनो! जिसे तुम अट्रैक्शन कहते हो वो कोई अट्रैक्शन नहीं है। वह तो एक अबूझ लालसा है। जो एक के मिलने के बाद भी पूरी नहीं होती। मन भरा तो मन चरा। यहां ये भी जानना जरूरी है कि प्रेम कोई आकर्षण रूपी क्षणिक भावना नहीं है। प्रेम तो हर जन का अस्तित्व है। उनका अनुपम अलौकिक व्यकित्व है। प्रेम को कोई बांध नहीं सकता। क्योंकि प्रेम की कोई सीमा नहीं है। प्रेम तो सीमा का निर्माण करता है। व्यक्ति बदल सकता है पर प्रेम रूपी व्यक्तित्व लाख चाहने पर भी नहीं बदलता। यह तो जानते ही होगे कि इंसान का शरीर, मन और व्यवहार बदलते देर नहीं लगाता। पर प्रेम हर व्यक्तित्व से परे अपरिवर्तनशील है। प्रेम कोई उत्तेजना नहीं है यह तो निष्काम मन का समर्पण है। प्रेम कोई विचार नहीं यह तो अभिव्यक्ति है। प्रेम कोई दृश्य नहीं यह तो अदृश्यम् है। जो प्रेम आकर्षण से पैदा होता है। या जो सुख की कामना लिए होता है। वह प्रेम नहीं है। ऐसे प्रेम की कोई लंबी उम्र नहीं होती है। अज्ञानता या सम्मोहन के फलस्वरूप जन्म लेने वाला इस तरह का प्रेम पानी के बुलबुले के समान क्षणिकमात्र होता है। इस प्रकार के प्रेम से मोह भी जल्द भंग हो जाता है। यह दीपक की लौ की तरह झर झर करने लगता है। और अंत में बुझ जाता है। मन में अनावश्यक भय, अनिश्चिता का माहौल, असुरक्षा और उदासी को बढ़ाने का कार्य करता है। जिस प्रेम की प्राप्ति सुख- सुविधा, धन दौलत, इच्छापूर्ति भाव के कारण होती है। वह आनंददायी नहीं निरुत्साही होता है। बात संभवतः तुम्हे बुरी लगे। पर जिस प्रेम की पराकाष्ठा की उम्मीद इस साप्ताहिक प्रेमोत्सव के दौरान में जाती है। वह प्रेम नहीं वासना का जाल है। प्रेम और वासना का अंतर जानना है तो यह भी सुनो! प्रेम और वासना में वही अंतर है जो कंचन और कांच में है।




## दिल्ली चुनाव विश्लेषण

# एमएसपी के भरोसे आप और भाजपा तो जीरो फैक्टर से पार पाने की जुगत में कांग्रेस

सुशील कुमार 'नवीन'

दिल्ली में कई दिनों से चल रही राजनीतिक दलों की भागदौड़ बुधवार मतदान के बाद समाप्त हो गई। 8 फरवरी शनिवार को नतीजे आएंगे। परिणाम में इस बार एमएसटी का पूरा प्रभाव दिखेगा। भाजपा एम फैक्टर (मोदी फैक्टर) से सत्ता में आने की उम्मीद बनाए हुए है तो आम आदमी पार्टी एस मतलब एसएसपी मॉडल (शिक्षा, स्वास्थ्य और पानी) और टी अर्थात टीना (देयर इज नो अल्टरनेटिव) के दम पर सत्ता वापसी का दावा कर रही है। कांग्रेस के लिए सत्ता पर काबिज होने से पहले जीरो फैक्टर से उभरना सबसे बड़ी चुनौती है। परिणाम आने तक सबके द्वारा अपने-अपने हिसाब से गोटियां सेट की जायेंगी ताकि कुछ कमापेशी हो तो उसकी पूर्ति कर कुर्सी की लालसा पूरी की जा सके। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए इस बार 699 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। परिणाम किसके पक्ष में रहेंगे, इस बारे में कुछ भी कहना अभी उपयुक्त नहीं रहेगा। इस बार का चुनाव कुछ हटकर हुआ है। एक-दूसरे को नीचा दिखाने में किसी के भी द्वारा कमी नहीं छोड़ी गई है। फ्री की रेवड़ियां से मतदाताओं को लुभाने का प्रयास सबके द्वारा किया गया हैं। आम आदमी पार्टी जहां अपने कार्यों और टीना फैक्टर (देयर इज नो अल्टरनेटिव) और एसएसपी(शिक्षा, स्वास्थ्य और पानी)मॉडल से वापसी की उम्मीद में है, वहीं बीजेपी एम फैक्टर (मोदी फैक्टर) और यमुना मैया ( यमुना नदी) के सहारे शीशमहल, भ्रष्टाचार, यमुना सफाई, पेयजल आदि मुद्दों पर दिल्ली में अपना वनवास खत्म करना चाह रही है। कांग्रेस के लिए दिल्ली चुनाव डूबते को तिनके का सहारा की तरह है। राजनीति के वेंटीलेटर पर लेटी कांग्रेस के लिए दिल्ली का परिणाम किसी संजीवनी से कम नहीं होगा। दिल्ली की राजनीति अपने आप में अलग है। यहां जो दिखता है वो कई बार होता नहीं। और जो होता है, वो अप्रत्याशित होता है। एक्जिट पोल पर यकीन करना बेमानी है। यही एक्जिट पोल(सर्वेक्षण) कई बार उम्मीदों से एक्जिट(बाहर) कर जाता है। एक बात तो इस बार तय है कि दिल्ली में इस बार जो होगा वो ऐतिहासिक होगा। आम आदमी ने साथ दिया तो आम आदमी पार्टी को चौथी बार सत्ता में आना तय है। इसके विपरीत हवा ने रुख बदला तो 27 वर्ष बाद भाजपा की लॉटरी निकल सकती है। कांग्रेस चुनाव में अपनी जीत का अलग ही एंगल देख रही है। आप और भाजपा की कड़ी टक्कर कांग्रेस को फायदा दिलाएगी। दिल्ली




चुनाव में सबसे ज्यादा जोर यदि कोई पार्टी लगा रही है तो वह है भारतीय जनता पार्टी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा सरकार के महान धुरंधर दिन-रात एक किए हुए हैं। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत उनके सिपहसालारों की फौज द्वारा भी घर- घर संपर्क साधने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी गई है। केजरीवाल के यमुना में जहर के बयान के बाद तो भाजपा फुल फॉर्म में है। बीजेपी को उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव में जितना वोट उसे मिला था अगर वही इस बार मिल गया तो आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का उनका सपना इस बार पक्का पूरा हो जायेगा। पूर्व समय में तीन योजना लगातार सत्ता संभालने वाली कांग्रेस भी इस बार सत्ता वापसी की उम्मीद बनाए हुए है। बाकी दिल्ली के मतदाता पिछली दो योजना से उन्हें जीरो से ऊपर आने ही नहीं दे रहे। इस बार जिस तरह से कांग्रेस ने चुनाव लड़ा है, उससे इस बार कांग्रेस की उम्मीदों को पंख लग सकते हैं। भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी ने कांग्रेस को मजबूत करने में पूरी मेहनत की है। जिसका कांग्रेस को फायदा भी हुआ है। हरियाणा में तो कांग्रेस लगभग सत्ता में वापसी कर ही चुकी थी। बेबाक बोलों ने सारी हवा बदल दी। दिल्ली चुनाव में इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है कि हरियाणा की तरह दिल्ली में कोई लापरवाही न हो।

ठीक इनके विपरीत आम आदमी पार्टी इस बार का चुनाव अलग ही तरीके से लड़ रही है। विपक्ष द्वारा शराब घोटाला या भ्रष्टाचार आदि मुद्दे पर घेरे जाने का तोड़ निकाला हुआ है। आतिशी को सत्ता सौंप केजरीवाल ने यह मैसेज देने का काम किया है कि आम आदमी पार्टी सिर्फ केजरीवाल के भरोसे नहीं है। बड़े नेताओं की रैलियां और उनके जरिए बनाए गए नैरेटिव को भी केजरीवाल ने अपने ऊपर प्रभावी नहीं होने दिया। भाजपा और कांग्रेस के हमले पर केजरीवाल उनसे सीएम फेस का बार-बार सवाल उठा चटकारे लेने में कमी नहीं छोड़ रहे। टीना फैक्टर तो आम आदमी पार्टी के लिए हथियार से कम नहीं है। पार्टी नेता अपने प्रचार में इसे पूरा इस्तेमाल कर रहे हैं। न भाजपा और न ही कांग्रेस ने केजरीवाल के सामने बतौर मुख्यमंत्री उम्मीदवार किसी चेहरे को प्रोजेक्ट किया है। कुछ भी हो दिल्ली इस बार नया इतिहास लिखेगी। केजरीवाल चौथी बार सत्ता में आए तो यह भी एक रिकॉर्ड होगा कि कोई दल लगातार चौथी बार सत्ता में आए। भाजपा का जितना भी कम ऐतिहासिक नहीं होगा। 27 वर्ष बाद भाजपा सत्ता में वापसी करेंगी। कांग्रेस जीत गई तब भी इतिहास ही लिखा जाएगा। सत्ता में तो वापसी होगी साथ भी आने वाले अन्य चुनावों के लिए संजीवनी मिल जाएगी। परिणाम ईवीएम में बंद हो गया है। वास्तविक परिणाम तो 8 फरवरी को पता लगेगा। इतने अपनी-अपनी जीत के जयघोष लगते रहेंगे। यह पक्का तय है कि इस बार परिणाम अप्रत्याशित हो होगा।

# नारा लेखन एवं रंगोली बनाकर महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने का लिया संकल्प

■ रैली निकालकर, रंगोली बनाकर, मेहंदी, पेंटिंग और नारा लेखन कर बच्चों ने मतदान करने का दिया संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 7 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा स्वीप नोडल अधिकारी जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वीप (जाबो) कार्यक्रम के माध्यम से नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के लिए विभिन्न स्थानों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 में मतदान करने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पंचायतों में महिलाओं के बीच रंगोली, मेहंदी, पेंटिंग, नारा लेखन प्रतियोगिता तथा नगरीय निकाय में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। स्व-सहायता समूह की दीदियों ने पंचायत निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए ग्रामीण मतदाताओं को शपथ दिलाई। स्कूली बच्चों ने मतदान के अधिकार एवं मतदान के महत्व के संबंध में पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन किया। उन्होंने रैली निकालकर मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा अपने मतदाताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जिससे नगरीय निकाय निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान हो सके। नगरीय निकाय सुकमा और दोरनापाल में प्रत्येक वार्ड में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में महापौर और पार्षद पद के लिए ईव्हीएम मशीन के माध्यम से किए जाने वाले मतदान प्रक्रिया के संबंध में नागरिकों को विस्तार से जानकारी दी जा रही है। कलेक्ट्रेट कार्यालय में लगे ईवीएम जागरूकता कार्यक्रम में मशीन से प्रायोगिक तौर पर अब तक लगभग 600 से अधिक मतदाताओं ने मतदान से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की और मतदान करने का संकल्प लिया।

जिला सीईओ एवं स्वीप(जाबो) कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन में ईव्हीएम मशीन के माध्यम से निर्वाचन किया जाएगा। जिसके लिए सभी नगरीय निकायों में ईव्हीएम मशीन का प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में नये मतदाता भी जुड़े हैं जो पहली बार अपना वोटिंग करेंगे। उनको जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए बिहान की महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए आस-पास के लोगों को जागरूक करने की बात कही। उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वच्छता दीदीयों ने रंगोली, मेहंदी, नारा लेखन, पेटिंग सहित विभिन्न गतिविधियों द्वारा मतदाताओं को मतदान करने की अपील की।

## एक नजर

### सीजीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी पूरी

**सुकमा 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग रायपुर द्वारा 09 फरवरी 2025 को राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन के द्वारा जिले में परीक्षा की सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। परीक्षा दो पालियों में प्रातः 10 से 12 बजे एवं अपरान्ह 3 से 5 बजे तक सम्पन्न होगी जिसके लिए जिले में 3 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। प्रारंभिक परीक्षा में सुकमा जिले में कुल 584 परीक्षार्थी शमिल होंगें। जिले में कुल 3 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं जो सभी जिला मुख्यालय सुकमा में स्थित हैं। परीक्षा केन्द्रों में शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल कुम्हाररास, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल महादेव वार्ड-09 और डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुरतोंडा को बनाया गया है। पीएससी परीक्षा के सफलता पूर्वक संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री सुमित कुमार ध्रुव को नोडल अधिकारी और श्रम निरीक्षक श्री सतानंद नाग को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों में निगरानी रखने हेतु उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा तिथि में परिवर्तन

**सुकमा 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा सुकमा जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश की परीक्षा तिथि में परिवर्तन किया गया है। पूर्व में यह परीक्षा 16 फरवरी को निर्धारित की गई थी जिसको परिवर्तित करके परीक्षा 02 मार्च रविवार प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

### जिला पंचायत सदस्य के लिए 62 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में

**उत्तर बस्तर कांकेर, 7 फरवरी।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2025 के तहत जिला पंचायत कांकेर हेतु सभी 13 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 62 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं, जिसके लिए जिले के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत कांकेर के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-01 अ.ज.जा. महिला के सदस्य हेतु मृदुला भास्कर को दो पत्तियां तथा सुमित्रा मारकोले को उगता सूरज का प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया है। इसी प्रकार क्षेत्र क्रमांक-02 अ.जा. महिला के सदस्य हेतु अनुसुईया सोनवानी को दो पत्तियां, अर्चना कमल नागवंशी को उगता सूरज, दुर्गा नायक को पतंग, कुंती हिरामन नाग को छाता, मंजू बारले को गाड़ी, रेशमा सचिन केशरी को फावड़ा व बेलचा, शांतिबाई बघेल को बिजली का बल्ब, सुलोचना मेश्राम को सिलाई की मशीन और तरूणा संतोष टांडिया को हाथ चक्की का प्रतीक चिन्ह आबंटित हुआ है। क्षेत्र क्रमांक-03 अ.ज.जा. महिला हेतु अन्नपूर्णा ठाकुर को दो पत्तियां, चंद्रवती नेताम को उगता सूरज, पुष्पा मण्डावी को पतंग और सावित्री संजना वट्टी को छाता। क्षेत्र क्रमांक-04 अ.ज.जा. मुक्त हेतु हेमलाल मरकाम को दो पत्तियां, संजू लता नेताम को उगता सूरज और तारा ठाकुर को पतंग, क्षेत्र क्रमांक-05 अनारक्षित महिला हेतु अनिता जैन को दो पत्तियां, मिथलेश सोरी को उगता सूरज, तिजेश्वरी गब्बर सिन्हा को पतंग का प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया है। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-06 अनारक्षित महिला हेतु किरण नरेटी को दो पत्तियां, कुन्ती मण्डावी को उगता सूरज, मिथलेश्वरी राजकुमार साहू को पतंग, नवली मीना मंडावी को छाता, राजमणी ठाकुर को गाड़ी, क्षेत्र क्रमांक-07 अ.ज.जा. महिला हेतु हेमुबाई उयके को दो पत्तियां, झरना हेमंत ध्रुव को उगता सूरज तथा रामबाई गोटा को पतंग।

### मनरेगा कार्य स्थलों में श्रमिकों और ग्रामीणों को मतदान की दिलाई जा रही शपथ

**उत्तर बस्तर कांकेर, 7 फरवरी।** लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने और मतदाता जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले के सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्य स्थलों पर विशेष मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत मनरेगा कार्य स्थलों में श्रमिकों और ग्रामीणों को मतदान के महत्व की जानकारी दी जा रही है और उन्हें निष्पक्ष व निर्भीक मतदान के लिए शपथ दिलाई जा रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने बताया कि गांवों में चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया से जोड़ना और उन्हें मतदान के प्रति जागरूक करना है। लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में यह अभियान एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। यह अभियान न केवल मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करेगा।

### मिनपा-अरबराजमेंटा पहाड़ी में आईईडी लगाने में शामिल 2 नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा 7 फरवरी।** जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में लगातार नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में नक्सली उपस्थित की आसूचना पर थाना चिंतागुफा से जिला एवं डीआरजी की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन एवं नक्सल आरोपी की धरपकड़ हेतु ग्राम ताड़मेटला व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान ग्राम ताड़मेटला के जंगल पहाड़ पास कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस पार्टी को देखकर छिपने/भागने लगे, जिन्हें पुलिस द्वारा घेराबंदी कर 2 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम 1. सोड़ी दुला पिता नंदा (दुलेड़ आरपीसी जनताना सरकार उपाध्यक्ष) निवासी ताड़मेटला स्कूलपारा थाना चिंतागुफा जिला सुकमा, एवं 2. माड़वी बुधरा पिता स्व. कोसा (दुलेड़ आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य) निवासी ताड़मेटला गोण्डेपारा थाना चिंतागुफा जिला सुकमा का होना तथा नक्सल संगठन में उपरोक्त पदों पर कार्य करना बताये। पकडे गये आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ वर्ष 2023 में थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत मिनपा-अरबराजमेंटा पहाड़ी में आईईडी लगाने, उक्त आईईडी की चपेट में आने से 1 जवान घायल होने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ रहना स्वीकार किया गया।

# नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों में आम निर्वाचन के मद्देनजर शुष्क दिवस घोषित

■ देशी और विदेशी मदिरा के विक्रय पर रहेगा प्रतिबंध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा जारी आदेशानुसार छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 तथा छत्तीसगढ़ आबकारी देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2002 के तहत वर्ष 2024-25 के देशी-विदेशी मदिरा लायसेंस शर्त की कंडिका-16 (16.1) के तहत् नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

### नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए

कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेशानुसार नगर पालिका परिषद सुकमा और नगर पंचायत दोरनापाल में मतदान होने के कारण देसी-विदेशी मदिरा दुकान सुकमा, देसी मदिरा अहाता सुकमा, एल-7 कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति, 02-शबरीनगर सुकमा, 226-गीदमनाला, 72-150-223-दोरनापाल को 09 फ़रवरी से 11 फ़रवरी मतदान समाप्ति तक मदिरा दुकान बंद रखा जाएगा। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद सुकमा और में मतगणना तिथि 15 फरवरी को देसी-विदेशी मदिरा दुकान सुकमा, देसी मदिरा अहाता सुकमा, एल-7 कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति, 02-शबरीनगर सुकमा, 226-गीदमनाला में मतगणना समाप्ति तक मदिरा दुकान बंद रखा जाएगा।

### त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए

कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत सुकमा में मतदान होने के कारण मदिरा दुकान एल-7 कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति, 02-शबरीनगर सुकमा और 226-गीदमनाला को 15 फ़रवरी से 17 फ़रवरी तक मतगणना समाप्ति तक मदिरा दुकान बंद रखा जाएगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत छिन्दगढ़ में मतदान होने के कारण मदिरा दुकान एल-7 कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति और 227-तोंगपाल को 19 फ़रवरी और 20 फ़रवरी तक मतगणना समाप्ति तक बंद रखा जाएगा। जनपद पंचायत कोंटा में मतदान होने के कारण मदिरा दुकान कैंटीन रु7 फुटकर अनुज्ञप्ति, 218-पेदाकुरती, 226-गीदमनाला, 74-150-223-दोरनापाल, 208-कोबरा बटालियन क्रिस्टाराम, 217-131-कोंटा, 219-50-इंजरम, 212-पैडागुडम और 228-फंदीगुड़ा को 19 फ़रवरी और 20 फ़रवरी तक मतगणना समाप्ति तक मदिरा दुकान बंद रखा जाएगा।

उपरोक्त दिवसों को जिला-सुकमा की समस्त देशी-विदशी मदिरा दुकान सी.एस. 2 (द्य), एवं विदेशी दुकान एफ.एल. । (घघ) एवं सी.एस.2 (ग-अहाता) सुकमा तथा एफ.एल. 7 सैनिक केन्टीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगी। उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नगरीय निकाय चुनाव में हम अटल विश्वास पत्र के एक-एक वादा को पूरा करेंगे:केदार कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 7 फरवरी।** जिले के ओसवाल भवन में जिला प्रभारी केदार कश्यप ने कहा कि जिले के कुछ वार्डों में निर्विरोध चुनाव जीत चुके हैं.और भाजपा प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेगी,गादीरास चौक से पैदल रैली के माध्यम से नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। साथ ही सुकमा से जगदलपुर की एन एच 30 को भी बहुत ही जल्द कार्य निर्माण को प्रगति पर लाकर दुरुस्त किया जाएगा उन्होंने ने घोषणा करते हुए कहा कि कांग्रेस के समय में स्व-सहायता समूह को बंद किया गया था उक्त स्व-सहायता को चुनावी सभा में घोषणा करते हुए कहा कि बहुत ही जल्द महिलाओं के लिए काम दिया जाएगा। नगरीय निकायों के लिए भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र अटल विश्वास पत्र में हमने नगरीय निकाय क्षेत्रों के विकास के लिए जो घोषणाएं की हैं, वह विकास की गारंटी है। जिस तरह मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी है, ठीक उसी तरह हम अटल विश्वास पत्र का एक-एक वादा पूरा करेंगे, ये हमारी गारंटी है। नजूल भूमि पर कब्जा धारियों को आवास व पट्टा वितरण किया जाएगा, मनोज देव छोटे से लेकर बड़े पदों का निर्वहन किए हैं. दरअसल क्यों इस प्रकार व्यवहार किए हैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं किया जा सकता है।

### ईवीएम कमिशनिंग तहसील परिसर में किया जाएगा

**सुकमा 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 हेतु ईवीएम मशीनों का कमीशनिंग संबंधित आरओ तथा अभ्यर्थियों और अभिकर्ताओं की उपस्थिति में किया जाना है। जिसके पश्चात सभी ईवीएम संबंधित आरओ मुख्यालय के स्ट्रॉग रूम में मतदान केन्द्रवार रखा जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कमीशनिंग दिनांक 07 फरवरी शुक्रवार को समय प्रातः 10ः00 बजे तहसील परिसर सुकमा के ईव्हीएम गोदाम में किया जाएगा। सभी संबंधित अभ्यर्थियों और अभिकर्ताओं को नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होने की जानकारी दी गई है।

### सड़क पर पड़े घायल युवक को दीपक ने पहुंचाया अस्पताल

**गीदम 7 फरवरी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 से भाजपा अधिकृत पत्याशी दीपक बाजपेयी प्रतिदिन की तरह अपने जनसम्पर्क के दौरान ग्राम बड़े कारली जा रहे थे इस दौरान सड़क पर एक दुपहिया वाहन सवार घायल अवस्था में पड़ा हुआ था जो गंभीर रूप से घायल था । दीपक बाजपेयी ने तत्काल घायल ग्रामीण के परिजनों से संपर्क कर दुर्घटना के बारे में बताया और उसे अस्पताल पहुँचाया । घायल ग्रामीण के परिवाजनों ने दीपक बाजपेयी का आभार व्यक्त किया । घायल ग्रामीण ने बताया की वो अपने दुपहिया वाहन से जा रहा था तब भैंस से टकरा कर वो गिर पड़ा और घायल हो गया वहा से जा रहे दीपक बाजपेयी ने उसके परिवारजनों को सूचित कर अपने कार में अस्पताल पहुँचाया है । दीपक बाजपेयी निरंतर जरूरतमंदो की मदद करते रहते है अब भाजपा ने उन्हें जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 से अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है,वे पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा,बीजापुर विधानसभा प्रभारी जैसे भाजपा संगठन के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहकर कार्य कर चुके है उनकी छवि एक कुशल संगठनकर्ता एवं अनुभवी व्यक्तिव के रूप में स्थापित है जिसका लाभ निश्चित तौर पर उन्हें जिलापंचायत चुनाव में मिलेगा।



### ग्राम पाकेला में स्थायी कैंप स्थापना के लिए भूमि आवंटन प्रस्ताव, दावा-आपत्ति 21 फरवरी तक

**सुकमा, 7 फरवरी।** जिला सुकमा के ग्राम पाकेला (बालाटिकरा), तहसील छिन्दगढ़ में कमाण्डेंट-02, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (केरिपु बल) के स्थायी कैंप की स्थापना हेतु 18.510 हेक्टेयर भूमि के आवंटन का प्रस्ताव रखा गया है। ग्राम पाकेला (बालाटिकरा) पटवारी हल्का नंबर 09/पाकेला, रा0नि0मं0 छिन्दगढ़, तहसील छिन्दगढ़, जिला सुकमा में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 845, 846, 847, 849 रकबा क्रमशः 1.200, 11.795, 3.235, 2.280 कुल खसरा 04 कुल रकबा 18.510 हेक्टेयर भूमि कमाण्डेण्ट -02, बल शबरी नगर सुकमा को स्थायी कैम्प की स्थापना बैतु चयन कर आबंटन हेतु प्रस्तावित किया गया है। कमाण्डेण्ट -02, केरिपु बल शबरी नगर सुकमा को भूमि आबंटन हेतु न्यायालय कलेक्टर जिला सुकमा के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी (रा0) छिन्दगढ़ द्वारा प्रकरण क्रमांक/202206190100002/अ-20 (3)/2024-2025 का मूल प्रकरण भूमि हस्तातरण हेतु विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन सहित प्रेषित करने बाबत् न्यायालय को प्राप्त हुआ है । उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को लिखित या मौखिक दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पत्र जारी होने की तिथि से अवकाश के दिन छोड़कर किसी भी दिन न्यायालयीन समय में दिनांक 21 फरवरी 2025 को संध्या 5ः30 बजे तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। नियत तिथि तथा समय के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नही।

■ पिछड़ा वर्ग समाज से अपील आरक्षण न मिलने के खिलाफ बीजेपी सरकार को वोट न करें

# बस्तरिया राज मोर्चा निर्दलीय प्रत्याशी लच्छू राम पोडियामी को समर्थन करेगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 7 फरवरी।** विगत कुछ महीनों से ओबीसी समाज अपने आरक्षण के लिए लगातार संघर्ष कर रही है, लेकिन राज्य के बीजेपी सरकार ने OBC वर्ग की एक नहीं सुनी और फैसला उनके खिलाफ आया। और हमने भी बस्तरिया राज मोर्चा के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग समाज के लिए बंद का आव्हान कर चक्काजाम किया। ताकि राज्य की सांय सरकार निंद से जागें और पिछडा वर्ग समाज के लिए जनसंख्या के अनुपात आरक्षण का लाभ मिले। इतना ही नहीं पुरे बस्तर संभाग के साथ राजधानी में भी विरोध के बाद एक नहीं सुनी सांय सरकार पिछड़ा वर्ग समाज के आरक्षण के लिए।

आज पिछड़ा वर्ग समाज ने आज बीजेपी को विरोध कर वोट न देने की अपील कर रहे हैं और समाज के लोग काफी नाराज़ हैं इस फैसले से हमने भी सुकमा नगरपालिका में बस्तरिया राज मोर्चा निर्दलीय प्रत्याशी लच्छू राम पोडियामी का समर्थन करेगी।

क्यों कि राज्य का बीजेपी सरकार हमेशा से बस्तर के मूलनिवासीयो के विरुद्ध काम करती है उनके संस्कृति और भावना के साथ हमेशा खिलवाड़ करते आई है।और ये बीजेपी सरकार कभी भी ST,SC,OBC समाज का नहीं हुआ है और यह एक-दूसरे को बांटने का कोशिश करती है। इस कारण हम भी बस्तरिया राज मोर्चा के नेतृत्व में सुकमा नगरपालिका में निर्दलीय प्रत्याशी लच्छूराम पोडियामी को समर्थन करते हैं?।

### आईईडी विस्फोट की वारदात में शामिल 5 नक्सली गिरफ्तार

**कांकेर 7 फरवरी।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत आज गुरूवार को नक्सलियों की मौजूदगी की आसूचना पर जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम हेटारकसा, मर्राम, गोंदूल, आलपरस पहाड़ी जंगल की ओर जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे। अभियान के दौरान हेटारकसा के जंगल से आईईडी विस्फोट की वारदात में शामिल 5 नक्सलियों बुधुराम कवाची ,बिरेन्द्र उसेंडी, सुरेश कुमेटी,बालसिंग नवगो,दशरथ नवगो सभी निवासी ग्राम हेटारकसा थाना कोयलीबेड़ा को गिरफ्तार किया गया है। कांकेर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिन 5 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है, ये सभी 15 दिसंबर 2024 को ग्राम हेटारकसा के पास हुए आईईडी विस्फोट की वारदात में शामिल थे।

## समाचार संक्षेप

### मतदान केंद्रों में निर्वाचक नामावली के उपयोग को लेकर निर्वाचन आयोग ने जारी किए निर्देश

**सुकमा, 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों में उपयोग की जाने वाली निर्वाचक नामावली को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने मतदान दलों को दी जाने वाली निर्वाचक नामावली में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं, ताकि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और किसी प्रकार की अनियमितता न हो।जिसमें पूरक सूची में जिन मतदाताओं के नाम विलोपन सूची में दर्ज है, मूल सूची में उनकी प्रविष्टियों पर डिलीटेड की मुहर (सील) काले रंग से अंकित की जाये। सहायक मतदान केन्द्र अथवा ग्राम पंचायत को तोड़कर मतदान केन्द्र स्थापित किया गया है, तो मतदान केन्द्र जिसके लिए निर्वाचक नामावली तैयार की जा रही है, उससे संबंध न रखने वाले मतदाताओं की प्रविष्टियों को लाल स्याही से पृष्ठ के ऊपरी बायें कोने से नीचे दायें कोने तक तिरछी रेखा से काट दिया जावे। निर्वाचक नामावली के प्रथम पृष्ठ पर संबंधित वार्डो को छोड़कर शेष वार्डों को भी लाल स्याही से सीधी रेखा से काट दिया जाये। मुख्य पृष्ठ और अंतिम पृष्ठ पर मतदाताओं की मुद्रित कुल संख्या को लाल स्याही से गोल घेर दिया जावे तथा उसके नीचे मतदान केन्द्र से संबंधित संख्या को लाल स्याही से लिखा जावे।मतदान दलों को दिये जाने के लिए निर्वाचक नामावली को फाड़कर अलग न किया जावे अपितु ग्राम पंचायत की पूर्ण निर्वाचक नामावली प्रदाय की जावे। राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है। यह सुनिश्चित करने के लिए सभी मतदान दलों को विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

### नगरीय निकाय आम चुनाव-2025 के लिए ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया




**सुकमा, 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में बुधवार को एनआईसी कक्ष में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) का द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, संबंधित रिटर्निंग अधिकारी श्री सबाब खान और सुश्री मधु तेता प्रोग्रामर श्री सौरभ उप्पल एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारीगण उपस्थित थे। रेंडमाइजेशन की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में ईवीएम मशीनों का नगर निकायवार और मतदान केंद्रवार आवंटन किया गया। इसका उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई और यह सुनिश्चित किया गया कि सभी कार्यवाही निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से की गई।रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित निकायों के मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम मशीनों का अंतिम रूप से आबंटन किया गया।

### रामाराम और सुकमा मेला के आयोजन की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक



**सुकमा, 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । सुकमा जिले का प्रसिद्ध धार्मिक और पर्यटक स्थल रामाराम में मेला और जिला मुख्यालय सुकमा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष रामाराम मेला 11 फरवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। वहीं सुकमा मेला 12 फरवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। मेले के गरिमामयी आयोजन और समस्त व्यवस्थाओं के संबंध में गुरूवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की संयुक्त बैठक कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में कलेक्टर श्री ध्रुव ने मेला के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपा।

### नगरीय निकाय क्षेत्रों में 9 से 11 फरवरी तक शराब बिक्री पर प्रतिबंध

**धमतरी 7 फरवरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत जिले में आगामी 11 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने सुश्री नम्रता गांधी ने 11 फरवरी से दो दिन पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक याने कि 9 फरवरी से 11 फरवरी तक नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्थित सभी देशी मदिरा दुकान, देशी मदिरा दुकान कम्पोजिट, विदेश मदिरा दुकान, विदेशी मदिरा दुकान कम्पोजिट, सी.एस.2(ग-अहाता), सी.एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल. 1 (ख-अहाता), मद्य भाण्डागार धमतरी, एफ.एल.3 होटल बार एवं एफ.एल.4 क व्यावसायिक क्लब को बंद करने के आदेश जारी किया है। उन्होंने छ.ग. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त आदेश जारी किया है।

## एक नजर

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी को

**रायगढ़, 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 आगामी 9 फरवरी 2024 को दो पालियों में प्रात-10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु 3 सदस्यीय उडऩदस्ता दल सह परिवहन अधिकारी नियुक्त किया गया है। उडऩदस्ता दल परीक्षा केन्द्रों की परीक्षावधि में सतत निगरानी रखेंगे। उडऩदस्ता दल 9 फरवरी को जिला कोषालय रायगढ़ से गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा प्रारंभ होने के 1.30 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्रों में पहुंचायेंगे एवं परीक्षोपरांत केन्द्राध्यक्षों से गोपनीय सामग्री (सील्ड)प्राप्त कर जिला कोषालय में जमा करेंगे। गोपनीय सामग्री प्राप्त करने हेतु प्रात- 7.30 बजे एवं दोपहर 12.30 बजे जिला कोषालय रायगढ़ में उपस्थित होंगे।

### 9, 10 एवं 11 फरवरी तथा 15 फरवरी को शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद 7 फरवरी ।** नगरपालिकाओं (नगर पालिका परिषद्/नगर पंचायत) के पार्षद पदों के आम/उप निर्वाचन 2025 के दौरान कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत मदिरा दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं।

आदेश के अनुसार, मतदान समाप्ति 11 फरवरी 2025 के दो दिन पूर्व अर्थात 9 फरवरी 2025 से 11 फरवरी 2025 तक तथा मतगणना दिवस 15 फरवरी 2025 को संपूर्ण दिवस के लिए 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है। इस दौरान महासमुन्द जिले के अंतर्गत नगर पालिका परिषद महासमुंद, बागबाहरा, सरायपाली तथा नगर पंचायत तुमगांव, पिथौरा एवं बसना में स्थित देशी/विदेशी/कम्पोजिट एवं प्रीमियम मदिरा दुकानों, देशी अहाता, विदेशी अहाता, कम्पोजिट अहाता, मद्य भाण्डागार महासमुन्द तथा एफ.एल.-3 रेस्ट्रोरेंट बार, होटल, क्लब आदि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिला प्रशासन ने इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### कक्षा नववीं एवं ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय चयन परीक्षा 8 फरवरी को

**महासमुंद 7 फरवरी ।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली से प्राप्त सूचना के अनुसार 8 फरवरी 2025 को जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली (छिंदपाली) में एक साथ कक्षा 9 वी एवं कक्षा 11 वी में प्रवेश हेतु पंजीकृत छात्र छात्राओं के लिए लेटरल एंट्री परीक्षा आयोजित किया जाएगा। परीक्षा का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 01-45 तक है। छात्र अपना एडमिशन कार्ड जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा केंद्र पर छात्रों को एडमिट कार्ड के साथ साथ आधार कार्ड या कोई अन्य वैद्य पहचान पत्र लेकर परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा अब 2 मार्च को होगी

**रायगढ़, 7 फरवरी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 16 फरवरी 2025 को आयोजित होना था। चूंकि नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के चलते जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण उक्त तिथि में संशोधित करते हुए अब प्रवेश परीक्षा 2 मार्च 2025 दिन रविवार को प्रात- 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक 2 घंटे आयोजित की जाएगी।

### सामग्री वितरण, प्राप्ति के लिए गठित दलों को दिया प्रशिक्षण



**दंतेवाड़ा, 7 फरवरी ।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2025 हेतु सामग्री वितरण, प्राप्ति हेतु गठित दलों का प्रशिक्षण आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्री राजेश कुमार पात्रे की अध्यक्षता में हुआ। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्री माधव राव रेड्डी एवं श्री आलोक सोनवाने के द्वारा सर्वप्रथम नगरीय निकाय निर्वाचन मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं प्राप्ति हेतु गठित दलों, कर्मचारियों को सामग्रियों के वितरण तथा मतदान पश्चात वापसी में सामग्री प्राप्ति, के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही बताए जाने वाले सभी तथ्यों को बारीकी से आत्मसात करने हेतु निर्देशित किया गया। इस प्रशिक्षण में सामग्री वितरण अंतर्गत टेबल क्रं.01, 02 एवं 03 द्वारा मतदान दलों को केन्द्रवार प्रदाय किए जाने वाली सामग्री के संपूर्ण विवरण, ईव्हीएम मशीन यथा कंट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट के सरल क्रमांक के मिलान कर प्रदाय करने, सामग्रियों में एड्रेस टैग के लगाने की संख्यात्मक जानकारी, प्रशिक्षण दलों के देते हुए बताया गया कि सभी दलों को एक एड्रेस टैग अतिरिक्त मात्रा में दी जाएगी। सभी मतदान दलों को वितरण की जाने वाली सामग्रियों की सूची भी दिया जाएगा। ताकि दल द्वारा सामग्री का मिलान कर सके। पीठासीन अधिकारी द्वारा सेक्टर अधिकारी को दी जाने वाली 13 बिन्दु की जानकारी संबंधी प्रपत्र भी सामग्री वितरण अंतर्गत प्रदाय किया जावेगा। साथ ही प्रत्येक मतदान दलों को निविदत्त मतपत्र भी लगभग 20-20 की मात्रा में प्रदाय किए जाएगें।मतदान दल द्वारा वापसी में जमा किए जाने वाली सामग्री के अन्तर्गत काउंटर,टेबल नं . 01 सील बंद मतदान मशीन, कंट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट। रिकॉर्ड किए गए मतों का लेखा (मतपत्र लेखा) दो प्रति में पृथक-पृथक लिफाफे में पीठासीन अधिकारी की डायरी का लिफाफा। काउंटर, टेबल नं. 02 परिनियत लिफाफा, अभ्याक्षेप की जप्तशुदा राशि और लिफाफे में रसीदों की प्रतियां, काउंटर, टेबल नं. 03 अपरिनियत लिफाफा, धातु की सील, रबर की मोहरें, अन्य बची हुई सामग्री, पीठासीन अधिकारियों को दी गई मार्ग निर्देशिका पुस्तिका होगीं,।

# बर्ड फ्लू नियंत्रण के लिए दिल्ली से पहुंची टीम ने इंफेक्टेड जोन का लिया जायजा



**रायगढ़, 7 फरवरी।** जिले में मिले बर्ड फ्लू के मामले में नियंत्रण की मॉनिटरिंग के लिए दिल्ली से केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की टीम और एम्स से डॉक्टरों की एक टीम गुरुवार को रायगढ़ पहुंची। टीम ने संक्रमण प्राप्त पोल्ट्री फार्म और आस-पास एक कि.मी.के इंफेक्टेड जोन' का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सैनिटाइजेशन के साथ ही डोर-टू-डोर जाकर घरों में रेंडमली जांच की। जिसके बाद टीम ने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के साथ बैठक कर भारत सरकार के प्रोटोकॉल्स के संबंध में अपने सुझाव दिए। टीम में डॉ देवांग जरीवाला, असिस्टेंट डायरेक्टर इंटीग्रेटेड डीसीज सर्विलांस प्रोजेक्ट भारत सरकार, डॉ.एच.आर.खन्ना, ज्वाइंट कमिश्नर, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत सरकार, एम्स रायपुर से डॉ.अजॉय के बेहरा, एडिशनल प्रोफेसर पल्मोनरी विभाग, डॉ संजय सिंह नेगी, प्रोफेसर, माइक्रोबायोलॉजी और डॉ.गौरी कुमारी पाढ़ी, एडिशनल प्रोफेसर, कम्युनिटी मेडिसिन, डॉ किरण अखाड़े असिस्टेंट डायरेक्टर, एपिडेमियोलॉजी, डॉ.चयनिका नाग, एंटोमोलॉजिस्ट इंटीग्रेटेड डीसीज सर्विलांस प्रोजेक्ट रायपुर शामिल रहे। इसके साथ ही रायपुर से पहुंची पशुपालन विभाग की टीम से डॉ.तपसी और डॉ.नलिन पांडेय, स्वास्थ्य विभाग रायगढ़ से डीआईओ डॉ.भानू पटेल, डॉ.अभिषेक शास्त्री, डॉ.केनन डेनियल, डॉ.कल्याणी पटेल, डीपीएम सुश्री रंजना पैकरा एवं उप संचालक पशुपालन रायगढ़ श्री धरमदास झारिया भी बैठक में शामिल रहे।

दिल्ली से पहुंचे पशुपालन विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर डॉ.खन्ना ने कहा कि रायगढ़ जिले में बर्ड फ्लू नियंत्रण के सभी प्रारंभिक कदम तेजी और प्रभावी रूप से उठाए गए। संक्रमित स्थल के मुर्गियों, चूजों, अंडों को नष्ट करना सबसे जरूरी और चुनौतीपूर्ण होता है। इसे रायगढ़ में बर्ड फ्लू की पुष्टि के अगले कुछ घंटों में कर लिया गया था। उन्होंने कहा कि अभी उक्त पोल्ट्री फार्म को सैनिटाइज करना सबसे पहली प्राथमिकता है। इसके लिए फ्लेम गन और डिसइंफेक्टेंट का उपयोग कर शीघ्र पोल्ट्री फार्म को सैनिटाइज किया जाए। कलेक्टर श्री गोयल ने उप संचालक पशुपालन विभाग को पर्याप्त मैन पावर के साथ जल्द यह काम पूरा करने के निर्देश दिए।

एम्स से पहुंची डॉक्टरों की टीम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों में पहुंचने वाले सर्दी-बुखार के मरीजों की निगरानी के लिए विशेष तौर पर कहा गया है। इसके साथ ही आवश्यक प्रोफाइलेक्टिक दवाओं के स्टॉक रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्राप्त निर्देशों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो। पोल्ट्री फार्म में कार्यरत सभी व्यक्तियों के क्वारंटाइन किए जाने को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए।

1 कि.मी. दायरे का लिया जायजादिल्ली से पहुंची टीम ने इंफेक्टेड जोन' का जायजा लिया। यहां उन्होंने उन्होंने रैंडमली लोगों के घरों में जांच की और बाजार का भी निरीक्षण किया। पोल्ट्री फार्म के सैनिटाइजेशन के बाद एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस के नियंत्रण के लिए भारत सरकार के गाइडलाइंस के अनुसार आगे कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पतालों का किया दौरा, जिले के स्वास्थ्य अमले की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ली मीटिंग

रायपुर एम्स से पहुंची डॉक्टरों की टीम ने जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने ओपीडी और आइसोलेशन वार्डों का जायजा लिया। सभी जरूरी दवाओं का स्टॉक रखने के निर्देश दिए। साथ ही इलाज के लिए पहुंचने वाले लोगों के स्वास्थ्य विशेष रूप से निगरानी के निर्देश उन्होंने दिए। एम्स की टीम ने पूरे जिले के स्वास्थ्य अमले को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक लेकर बर्ड फ्लू को लेकर लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से बरतने वाले एहतियात के बारे में जानकारी दी।

# कलेक्टर पहुंचे स्ट्रांग रूम और चुनाव की तैयारियों की जानकारी ली



**रायगढ़, 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार होने वाले नगरीय निकाय निर्वाचन के मद्देनजर आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने केआईटी गड़उमरिया स्थित स्ट्रांग रूम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने मशीनों की कमीशनिंग की जानकारी ली। उन्होंने मशीनों के वितरण हेतु रूट, वितरण काउंटर, बैठक व्यवस्था, पेयजल तथा वाहनों के आवागमन हेतु आवश्यक बेरीकेटिंग की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मतगणना दिवस हेतु मशीनों के लाने हेतु आवश्यक रूट तथा मतगणना कक्ष में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सुरक्षा हेतु बल संबंधी व्यवस्थाएं, आगमन, निकासी तथा पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रवि राही, एडशिनल एसपी श्री आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक श्री आकाश शुक्ला, एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी, एसडीओ पीडब्लूडी श्री एम.एस.नायक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### नई एसयूवी नया कदम, किआ सिरोस ने किया एक नया एसयूवी सेगमेंट

**रायपुर, 7 फरवरी।** प्रीमियम गाड़ियां बनाने वाली एक प्रमुख कंपनी, ने अपनी नई किआ सिरोस को लॉन्च किया है।यह मिड और कॉम्पैक्ट एसयूवी कैटेगरी के बीच एक नया सेगमेंट पेश करता है। इसकी कीमत 8.99 लाख रुपये रखी गई है। किआ सिरोस का डिज़ाइन अपने प्रीमियम मॉडल्स श्ङ्क9 और कार्निवल से प्रेरित है, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक, प्रीमियम कम्फर्ट और बोल्ड डिज़ाइन का बेहतरीन संयोजन देखने को मिलता है। यह भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक बेहतरीन विकल्प साबित हो सकता है असाधारण टेक्नोलॉजी और स्मार्ट कनेक्टिविटीकिआ सिरोस में असाधारण तकनीक और स्मार्ट कनेक्टिविटी का खास ध्यान रखा गया है। इस सेगमेंट में पहली बार ओवर-द-एयर सॉफ्टवेयर अपडेट सिस्टम पेश किया गया है, जो 16 कंट्रोलर्स के ऑटोमैटिक अपडेट की अनुमति देता है।

# वन मंडल अधिकारी ने अधिकारी, कर्मचारी एवं समिति के सदस्यों को अग्नि से जंगल की सुरक्षा की दिलाई शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 7 फरवरी।** वन मंडल के वन मंडला अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने आज अग्नि सुरक्षा को लेकर वन कर्मचारियों, अधिकारियों और वन समितियों के सदस्यों के साथ एक कार्यशाला आयोजित की। उन्होंने जंगलों को आग से बचाने के लिए सभी से आग्रह किया और निर्देश दिया कि वे गांव-गांव जाकर आम जनता से जंगलों की अग्नि सुरक्षा के लिए अपील करें। अग्नि सीजन 15 फरवरी से शुरू होकर 15 जून 2025 तक चलेगा, और इस दौरान वनों को आग से बचाना विभाग की प्रथम प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर एसडीओ वन मनोज चंद्राकर लघु वन उपासक के प्रबंधक श्रीवास्तव गरियाबंद वन मंडल के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी को परिक्षेत्र अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे

वन अग्नि से प्राकृतिक पुनरुत्पादन के लाखों पौधे नष्ट हो जाते हैं, और वृक्षों की काष्ठ की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। इसलिए, वनों का अग्नि से बचाव अत्यंत आवश्यक है। विगत वर्ष के अच्छे प्रयासों के फलस्वरूप अग्नि प्रकरणों पर नियंत्रण हेतु विशेष प्रयास किए गए थे, और इस वर्ष भी इसी प्रकार के प्रयासों की अपेक्षा की जा रही है।

अग्नि सुरक्षा हेतु पर्याप्त बजट आवंटित किया जा चुका है, जिसका समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। 15 फरवरी से पहले अग्नि रेखाओं की कटाई, सफाई, और जलाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। अग्नि रक्षकों की नियुक्ति की जानी चाहिए, और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए मौके पर उपस्थित रहें।फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (स्नस्ढ्ढ) से फायर अलर्ट रजिस्टर कराए गए मोबाइल नंबरों पर एसएमएस के माध्यम से नियर रियल टाइम फायर अलर्ट सीधे प्राप्त होते हैं, जिसका उपयोग अग्नि नियंत्रण में प्रभावी रूप से किया जा सकता है। स्नस्ढ्ढ की वेबसाइट पर अधिकारियों/कर्मचारियों के मोबाइल नंबर रजिस्टर कराने की प्रक्रिया अत्यंत सरल है, और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी संबंधित व्यक्तियों के मोबाइल नंबर पंजीकृत हों।अग्नि दुर्घटनाओं पर प्रभावशाली नियंत्रण हेतु सभी अधिकारी/कर्मचारी, वन सुरक्षा समितियां, वन सुरक्षा श्रमिक, और नियुक्त अग्नि प्रहरी सतत् रूप से सक्रिय रहेंगे। वन समितियों की मासिक बैठकों में अग्नि सुरक्षा के संबंध में विस्तृत चर्चा की जानी चाहिए, और वन समितियों को वनों की अग्नि सुरक्षा में सक्रिय जवाबदारी दी जानी चाहिए।अग्नि काल के पूर्व समिति स्तर पर और आमजनों के बीच वनों की अग्नि से सुरक्षा का व्यापक



प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, क्योंकि लोगों की जागरूकता अग्नि सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

यदि किसी क्षेत्र में आग जानबूझकर या शिकार के उद्देश्य से लगाई गई है, तो अपराधी का पता लगाकर सम्यक विधिक कार्यवाही की जानी चाहिए। अवैध कटाई किए गए क्षेत्रों में यदि अग्नि घटना घटित होती है, तो संभव है कि अवैध कटाई के ठूंठों को छिपाने के लिए आग लगाई गई हो; ऐसे प्रकरणों पर विशेष निगरानी रखी जानी चाहिए।तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2024 में शाखाकर्तन (प्रूनिंग) और तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान वन क्षेत्रों को अग्नि से सुरक्षित रखा जाना चाहिए। फड़ो के वन क्षेत्रों में अग्नि घटनाएं होने पर क्रेता करारनामा की शर्तों के तहत भी कार्यवाही की जानी चाहिए।अग्नि सीजन के दौरान वनमंडल, रेंज, और बीट स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन, कला जत्था, रामायण मंडली के माध्यम से साप्ताहिक बाजारों में प्रचार-प्रसार, और क्षेत्र के स्कूलों, महाविद्यालयों में एनएसएस और एनसीसी के विद्यार्थियों को वन अग्नि के संबंध में जागरूक करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।मुख्यालय में पदस्थ सभी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/मुख्य वन संरक्षक अपने प्रभार के जिलों में प्रवास के दौरान अग्नि घटनाओं की समीक्षा करेंगे और उचित निर्देश देंगे। उम्मीद है कि इस वर्ष भी अग्नि प्रकरणों की संख्या और अग्नि से प्रभावित रकबे को न्यूनतम रखने के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा।

# भाजपा के तानाशाही रवैये का जवाब निकाय चुनाव में देगी जनता: विनोद चंद्राकर

**महासमुंद,7 फरवरी।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि निकाय चुनाव में पूरे प्रदेश में कांग्रेस का परचम लहराने वाला है। प्रदेश में भाजपा की तानाशाही, किसानों, महिलाओं, युवाओं से की गई वादाखिलाफी का जवाब प्रदेश की जनता नगरीय निकाय चुनाव तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा को देने कमर कस चुकी है। आज जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रदेश में तानाशाही रवैया अपनाया है, उसे पूरा प्रदेश देख रहा है। किस तरह से विपक्षी दलों के प्रत्याशियों को धनबल, बाहुबल, प्रशासनिक बल का प्रयोग कर डरा धमकाकर उन्हें चुनाव छोड़ने विवश किया जा रहा है। अपने आप को संस्कारित व सिद्धांतवादी कहने वाली भारतीय जनता पार्टी आज लोकतंत्र की गला घोट रही है।चंद्राकर ने आगे कहा महासमुंद जिले के बसना नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी, सरायपाली के



पार्षद प्रत्याशियों तथा धमतरी के महापौर प्रत्याशी, मुंगेली जिले के पथरिया के सरपंच प्रत्याशी को डरा धमकाकर नाम वापस लेने तथा उनका नामांकन रद्द करवाए जाने का कृत्य भाजपा द्वारा किया गया। यही नहीं पूरे प्रदेश के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों तथा नगरीय निकायों में यही चल रहा है। पूरे प्रदेश में फैली जनाक्रोश से भाजपा इस कदर भयभीत हो गयी है, कि वह जान गई है आगामी चुनावों में उन्हें जनता का आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। इसलिए, सत्ता का धौस दिखाकर डरा धमकाकर चुनाव में अपने प्रत्याशियों को निर्विरोध चुनाव जीता रहा है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा शुरू से आदिवासी विरोधी रहा है। कोरबा के कोहड़िया वार्ड से कांग्रेस ने आदिवासी युवक को प्रत्याशी बनाया था। उसे भी डराया गया तथा धमकाकर नामांकन वापस लेने मजबूर किया गया। परिणाम स्वरूप यहां से मंत्री के भाई का निर्विरोध चयन होने का रास्ता साफ हो गया। यही नहीं समस्त निकायों के कांग्रेस प्रत्याशियों पर दबाव बनाया गया, लेकिन दो-एक को छोड़ कांग्रेस के समस्त दावेदार मजबूती से खड़े हैं। कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा के तानाशाही रवैये का जवाब देगी। पूरे प्रदेश में भाजपा ने जो तानाशाही रवैया अपनाया है, उसे प्रदेश की जनता देख रही है। जिसका जवाब भाजपा को निकाय चुनाव में मिल जाएगी।

## कांग्रेस के पक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का पहला परिणाम, मनोज निर्विरोध जनपद सदस्य निर्वाचित

**बीजापुर,7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नाम वापसी के आखिर दिन कांग्रेस समर्थित



प्रत्याशी निर्विरोध जनपद सदस्य निर्वाचित हुए हैं। भाजपा समर्थित व निर्दलीय उमीदवारों के नाम वापस लेने से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी निर्विरोध चुनाव जीत गए हैं। बता दें कि उसूर जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 तर्रेम से जनपद पंचायत सदस्य के लिए चुनाव लड़ रहे कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी मनोज अवलम निर्विरोध चुनाव जीत गए है। दरअसल भाजपा समर्थित प्रत्याशी कार्तिक अवलम व एक निर्दलीय प्रत्याशी गोपाल गटपल्ली के नाम वापसी के आखिर दिन नाम वापस ले लेने से मनोज अवलम निर्विरोध जनपद सदस्य निर्वाचित हो गए है। जनपद क्षेत्र क्रमांक 7 तर्रेम के अंतर्गत चार ग्राम पंचायत तर्रेम, चिन्नागेलूर, पुसबाका और गगनपल्ली आते है। इस जनपद क्षेत्र में तकरीबन 5 हजार के करीब मतदाता है।

**पहली बार जीतकर बने थे उपाध्यक्ष-**कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य मनोज अवलम वर्ष 2015 में इसी सीट से जनपद सदस्य के लिए चुनाव लड़ कर जीते और उसूर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष बने थे। इसके बाद वे वर्ष 2020 में तर्रेम जनपद सीट को छोड़कर आवापल्ली जनपद सीट से चुनाव लड़े थे। लेकिन उन्हें इस सीट से शंकरैया माड़वी ने 155 वोट हरा दिया था।

## कांग्रेस ने की आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत



**बीजापुर,7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी और वार्डों के भाजपा पार्षद प्रत्याशियों ने नगर पालिका परिषद बीजापुर में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी भाजपा प्रत्याशियों द्वारा बीजापुर नगर में खुलेआम प्रधानमंत्री आवास योजना के कमल निशान चुनाव चिह्न के मुद्रित फ़ार्म भरवाये जा रहे हैं भाजपा का यह कृत्य सरासर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। भाजपा के इस कृत्य से बीजापुर में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होना संभव नहीं है। इस मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर और विधायक विक्रम मंडावी ने रिटर्निंग ऑफ़िसर नगरपालिका बीजापुर को शिकायत की है जिसमें कहा गया है कि नगर पालिका परिषद चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी एवं पार्षद पद के प्रत्याशियों द्वारा बीजापुर के वार्ड का 07, 12, 09, 02, 01 एवं अन्य वार्डों में प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत घर दिलाने के नाम पर भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल छाप मुद्रित फार्म भरवाए जा रहे हैं। जोकि आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लघंन है। भारतीय जनता पार्टी के इस कृत्य से निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र चुनाव होन सम्भव नहीं है। ऐसे परिस्थिति में स्वतन्त्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी की अध्यक्ष पद एवं पार्षद पद की उम्मीदवारी समाप्त किया जाना न्याय हित अति आवश्यक अतः विधिसम्मत उचित कार्यवाही की अपेक्षा की जाती है। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए सूचना जारी

**दंतेवाड़ा, 7 फरवरी ।** कार्यालय कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा आदिवासी विकास शाखा द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित-प्रभावित क्षेत्रों मे स्थित शालाओं में अध्ययनरत् प्रतिभावान विद्यार्थियों को उत्कृष्ट एवं स्कूली-शिक्षा के साथ-साथ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं (इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं सीएसीएस क्लैट तथा एनडीए) में सफल होने हेतु सघन तैयारी कराई जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किये गये है। इस संबंध में सर्व प्राचार्यों, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तथा मण्डल संयोजकों को निर्देशित किया गया है कि उनके अधीनस्थ विकासखण्ड स्तर, शासकीय, अर्द्धशासकीय, केन्द्रीय विद्यालय, डीएवी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हाई स्कूल शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्राक्चयन परीक्षा में शामिल करायें। इसके अलावा नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवार के बच्चों को संस्था में सीधे प्रवेश दिया जायेगा। परंतु इसके लिए नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवार को संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। सत्र 2024-25 में इन विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 5 फरवरी से 14 फरवरी रात्रि 12 बजे तक एवं आवेदन पत्र की त्रुटि सुधार 17 फरवरी से 21 फरवरी 2025 तक निर्धारित की गई है।

## दंतेवाड़ा, किरंदुल, गीदम, बारसूर में भ्रमण कर रहा है मतदाता जागरूकता रथ

**दंतेवाड़ा, 7 फरवरी ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईव्हीएम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन के तहत आज 06 फरवरी 25 को नगर पालिका दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में वोटर सेल्फी जोन, स्लोगन राइटिंग, हस्ताक्षर अभियान, रंगोली व ईव्हीएम मशीन का प्रदर्शन कर एवं मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। इसके अलावा वार्ड न0 8 एवं नगर पालिका कार्यालय दंतेवाड़ा, नगर पालिका किरंदूल में गजराज कैंप, बंगाली कैंप, नगर पंचायत गीदम में पुलिस थाना गीदम व वार्ड क्रमांक 14, 15, नगर पंचायत बारसूर में तहसील कार्यालय बारसूर वार्ड क्रमांक 07 टेमरू भाटा, सल्फी कोटा, वार्ड क्रमांक 08 ठोठापारा एवं वार्ड क्रमांक 13 गढ़पारा में भी जागरूकता रथ का भ्रमण कराकर एवं ईव्हीएम मशीन से वोट डालने की प्रक्रिया का आम प्रदर्शन किया गया। साथ ही उन्हें विशेष रूप से बताया गया कि 11 फरवरी सुबह 8 बजे से 5 बजे तक पोलिंग बुथ में आकर अपना बहुमूल्य वोट अवश्य डालें।

## उल्लास नवभारत साक्षरता केन्द्रों के शिक्षार्थियों को मतदान में भागीदारी के लिए दिलाई गई शपथ

**दंतेवाड़ा, 7 फरवरी ।** जिले में आगामी नगरीय निकाय चुनाव एवं ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत चुनाव संपन्न होना है। जिसके लिए प्रत्येक मतदाता को अपने मत के अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए इसे दृष्टिगत रखते हुए जिले में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा जिले मे संचालित ''उल्लास नवभारत साक्षरता'' केन्द्रों को निर्देशित किया गया है कि वे अध्ययनरत् शिक्षार्थियों को मतदान प्रक्रिया में हिस्सा बनने के लिए अधिकाधिक प्रेरित करें। यहां के स्वयंसेवी शिक्षकों को भी निर्देशित किया गया है कि वे साक्षरता कक्षाओं में उपस्थित शिक्षार्थियों को लोकतंत्र की महत्ता को बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने करने हेतु समझाइश देवें। चूंकि साक्षरता कक्षाओं में अध्ययनरत् शिक्षार्थी वयस्क होते है और उन्हे मतदान का अधिकार होता है। जिससे ज्यादा से ज्यादा संख्या मे शिक्षार्थी मतदान करने जाए, साथ ही मतदान हेतु जरूरी परिचय पत्रों के बारे में बताया जाए। ताकि शिक्षार्थी सुगमतापूर्वक मतदान कर सकें।

# अमित शाह ने आचार्य विद्यासागर की समाधि स्थली के दर्शन किये

## 108 अष्टधातु से निर्मित आचार्य विद्यासागर महाराज के चरण चिन्ह का लोकार्पण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 7 फरवरी।** 6 फरवरी को दोपहर 1 बजे माननीय श्री अमित शाह भारत के गृह मंत्री, छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री श्री विष्णुदेव साय, उपमुख्य मंत्री श्री विजय शर्मा, राज्य मंत्री श्री नवीन जैन, छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी एवं राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पाण्डेय सहित श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय महातीर्थ क्षेत्र में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी की समाधि स्थली के दर्शन किये । 108 अष्टधातु से निर्मित आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के चरण चिन्ह का लोकार्पण किया और वहाँ बनने वाले समाधि स्मारक का भूमि पूजन कर शिला स्थापित की । तत्पश्चात मंच में पहुंचकर उपस्थित मुनि संघ एवं आरियका संघ के दर्शन कर श्रीफल चढ़ाया । अतिथियों का पगड़ी पहनाकर, माला पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया । आचार्य श्री के चित्र वाले 100 रूपए के सिक्के का विमोचन किया गया । आचार्य श्री के नाम एवं चित्र वाला स्पेशल कवर डाक लिफाफे का विमोचन किया गया । एलक धैर्य सागर महाराज जी द्वारा रचित अंतर्यात्री महायात्रा। नामक पुस्तक का विमोचन किया गया । निर्यापक श्रमण श्री समतासागर महाराज जी द्वारा रचित समाधि संबोधननामक पुस्तक का विमोचन किया गया । डिजिटल माध्यम से प्रतिभास्थली विद्योदय ज्ञानपीठ रोजगारोन्मुखी निःशुल्क कन्या विद्यालय,



कारोपानी, डिंडोरी मध्य प्रदेश का लोकार्पण किया । जहाँ छात्राओं को पढाई के साथ - साथ रोजगार की शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जाएगी । अमित शाह ने अपने उदबोधन में कहा की आज युगपुरुष को, इश्वर तुल्य महापुरुष के कार्यों को कर्यांजलि देने का दिन है । यह मेरा परम सौभाग्य है की मुझे संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी का पहले 5 बार दर्शन किया हूँ और उनसे काफी चर्चायें भी हुई है । उन्होंने हमेशा सबसे पहले अपने देश की प्रगति के बारे में अपने विचार रखे हैं । उनका व्यक्तित्व इनता प्रभावकारी है की जिससे संयम और त्याग के भाव स्वतः ही होता है । उनका सम्पूर्ण जीवन त्याग, तपस्या और संयम के साथ व्यतित हुआ । ।आचार्य श्री जैनाचार्य ही नही बल्कि युगपुरुष थे उन्होंने नये विचारों के साथ युग का परिवर्तन किया ऐसा उनका जीवन था। उपरोक्त विचार भारत के गृहमंत्री अमितशाह ने डोंगरगढ़ की वह पवित्र भूमी जिसे आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज ने अपनी समाधि के लिये चुना उनकी समाधि के ठीक एक वर्ष बाद आयोजित विद्यायतन के भूमी पूजन एवं शिलान्यास समारोह में श्रदांजलि देते हुये व्यक्त किये। उन्होंने लगभग 20 मिनट के उदवोधन में आचार्य गुरुदेव के द्वारा धर्म और संस्कृति की चर्चा करते हुये कहा कि यह उनकी तप साधना का ही प्रभाव है कि जब मै उनसे पहले मिला तो उनके चिंतन में देश की भाषा और संस्कृति की झलक मिलती थी उनका विचार था कि देश की सभी भाषाओं का सम्मान होना चाहिये उन्होने भारत को इंडिया नहीं भारत कहने पर जोर दिया तो हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने सबसे पहले उसे स्वीकार किया भारत की पहचान इंडिया नहीं भारत होना चाहिये उन्होंने कहा कि जब जी-20 का निमंत्रण विश्व भर में गया तो ।प्राईम मिनिस्टर आफ भारत के नाम से गया। उन्होने कहा भगवान महावीर के सिद्धांत अहिंसा परमोधर्म के सिध्दांत को मात्र कहा ही नही उसको जिया भी है । उनके लाखों करोड़ों अनुआइओं और भक्तों में से मै भी एक भक्त हु और आज मै अपने आपको सौभाग्य शाली मानता हू कि एक वर्ष बाद आयोजित स्मृति महोत्सव में उनको श्रदांजलि देने उपस्थित हुआ हूं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राज्यसभा सदस्य श्री नवीन जैन ने भी अपना उदबोधन दिया। इस अवसर पर निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने प्रातःकालीन धर्म सभा में कहा कि ।गुरु के चरण इसलिये पूज्यनीय है उन चरणों का आचरण जीवन भर पूज्यनीय और आदर्शमय रहा है संपूर्ण भारत से आज अतिशयक्षेत्र चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में भगवान चंद्र प्रभु और गुरुदेव आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज को अर्घ्य समर्पित करके सौभाग्यशाली समझ रहे है। आप लोग यह मत समझना कि गुरुवर हमारे बीच में नहीं है,आप जहाँ - जहाँ भी नजर उठाकर देखोगे वही आपको गुरवर के दर्शन मिलेंगे। मुनि श्री ने कहा कि गुरु की वह ऊर्जा समूचे देश के भक्तों को खींच कर लाई है एवं गुरुदेव के प्रकल्पों को संपन्न करने के लिये दिल का खजाना खोल रहे है क्योंकि वह मानते है कि हमारे खजाने में जो संपदा है वह हमारे गुरुदेव के आशीर्वाद का ही प्रतिफल है। मुनि श्री ने कहा कि आज प्रातःकालीन बेला में आज जब मै उस स्थल की वंदना कर रहा था जहाँ पर गुरुवर ने आज की मध्यरात्रि में अंतिम स्वांस ली थी वहां पर मै स्वंय(मुनि समतासागर) संपूर्ण मुनिसंघ उपस्थित था णमोकार महामंत्र चल रहा था। सभी को ज्येष्ठ मुनिराज, योगसागर जी महाराज सांत्वना दे रहे थे । सभी के अंतरंग से आंसू निकल रहे थे तभी अचानक आचार्य श्री ने अपनी उंगलियों का स्पंदन किया जैसे कह रहे हों कि चिंता मत करो मै पूरी तरह से सजग एवं सावधान हुं। मुनि श्री ने समुचे भारत से उपस्थित भक्तों से कहा कि आप लोग सभी बहूत भावुक होकर यहाँ चंद्रगिरी तीर्थ पर आये है और अपने -अपने नगर में चरण पादुका लेकर जाएंगे । आचार्य श्री के चरण इसलिये पूज्यनीय है क्योंकि उन चरणों का आचरण जीवन भर पूज्यनीय और आदर्शमय रहा है । मुनि श्री ने कुंडलपुर की उन घटनाओं को याद दिलाते हुये कहा कि जब बड़े बाबा को विराजमान किया जा रहा था तो छोटे बाबा आचार्य विद्यासागरजी महाराज ने कहा जैसे हनुमान जी ने अपना सीना खोलकर भगवान राम के दर्शन करा दिये थे उसी प्रकार आचार्य श्री ने कहा यदि आप बड़े बाबा के बारे में जानना चाहोगे और जिस समय हम अपने हृदय को खोलकर दिखाऐंगे तो आपको अपने हृदय में बड़े बाबा नजर आऐंगे । यहाँ पर संपूर्ण भारत से श्रावक श्रेष्ठी मौजूद है जिन्होंने गुरुदेव के प्रति श्रद्धा दिखाई है ।

एक नजर

### कांग्रेस अंतर्कलह से बुरी तरह जूझ रही, अब लोगों का विश्वास उठ गया: मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव 7 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर उम्मीदवार मधुसूदन यादव का धुंआधार जनसम्पर्क अनवरत गति से चल रहा है, वे निगम क्षेत्र के लगभग 45 से अधिक वार्डो में घूम-घूम कर मतदाताओं से सीधे सम्पर्क कर कमल फूल खिलाने का आग्रह कर चुके है। इस दौरान उन्हें जनता का अथाह प्रेम व समर्थन मिल रहा है। वे जहां भी जा रहे है गर्मजोशी के साथ लोग उनका स्वागत कर रहे है, वही उनके पिछले कार्यकाल को लेकर फिर से समर्थन करने का वायदा भी कर रहे है। श्री यादव सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड, कैलाश नगर वार्ड, विवेकानंद वार्ड, तिलक वार्ड, गंज लाईन भरकापारा, सुभाष वार्ड कामठी लाईन तथा रानी सूर्यमुखी वार्ड गुड़ाखु लाईन में घर-घर जाकर सम्पर्क किया।भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान श्री यादव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुये कहा कि देश व प्रदेश में कांग्रेस की हालात खस्ता है, देश की राजनीति में जहॉ कांग्रेस हाशिये पर आ गई है वही प्रदेश में भीषण आंतरिक कलह से जूझ रही है। पार्टी के बड़े नेताओं ने हो रही सिर फुट्व्वल से जनता के सामने इनकी हो रही किरकिरी देखने काबिल है। परिणामस्वरूप जनता का विश्वास इन पर से उठ चुका है। लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद देश में जहॉ-जहॉ विधानसभाओं के चुनाव हो रहे है, वहॉ-वहॉ इनकी गत् देखने लायक है। हालिया दिल्ली में हो रहे विधानसभा चुनाव में भी मीडिया ने कांग्रेस को शून्य सीट देने की भविष्यवाणी की है। रही बात स्थानीय निकाय के चुनाव की तो पूरे प्रदेश सहित शहर में भी कांग्रेस के क्रियाकलापों से व्यथित आम लोगों का आक्रोश देखते ही बन रहा है, अब जनता का इन पर से पूरी तरह से भरोसा टूट चुका है। जिस तरह कांग्रेस ने पिछले पांच वर्षो में सत्ता में आने के बाद कुर्सी के मद में मदहोश होकर कार्य किया उससे प्रदेशवासियों की आंखे फटी की फटी रह गई थी, जिधर देखो उधर घोटाले ही घोटाले उजागर हुये। इसके आबकारी मंत्री व तबके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विश्वस्त अफसर महीनों से भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में जेल में बंद है। विकास के नाम पर इन लोगों ने आम लोगों को ठगा, कोई काम नहीं किया।

### फिनिक्स सर्कस के संचालक पर लगा 10 हजार का जुर्माना

**रायपुर 7 फरवरी।** विद्युत पोल पर विरुपण के तहत आमापारा के विद्युत पोल में विज्ञापन बोर्ड लगाने वाले फिनिक्स सर्कस के संचालक पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। फिनिक्स सर्कस का आयोजन इंडोर स्टेडियम बुढ़ापारा में 7,8,9 फरवरी को होने जा रहा है। इसके साथ ही शासकीय सम्पति में किये गए विज्ञापन लेखन को फोटोग्राफी / वीडियोग्राफी कर साफ करके हटाने एवं दोबारा ऐसा नहीं करने का शपथ पत्र देने कहा गया है। इसके साथ ही जुर्माना निगम के कोष में जमा नहीं किये जाने पर सम्बंधित फिनिक्स सर्कस के संचालक के विरुद्ध सम्बंधित क्षेत्र के पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी भी दी गई है।




# जिला पंचायत सदस्य के लिए 134 दावेदारों ने जमा किया नामांकन पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 5 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र जमा करने के अंतिम दिवस 3 फ़रवरी 2025 तक जिला पंचायत सदस्य के कुल 134 दावेदारों ने नामांकन पत्र जमा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 18 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के लिए जिला पंचायत सदस्य पद हेतु नामांकन पत्र दाखिल किये गए।जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 सिमगा से निधि सिंह पति कोमल सिंह टंडन, चित्रा धृतलहरे पति रमेश धृतलहरे ,शशि बंजारे पति आनंद कुमार बंजारे, पूनम मार्कण्डेय पति ओमप्रकाश मार्कण्डेय,कुंती डहरे पति अशोक डहरे, रेवती बाई चेलक पति विश्राम चेलक, लक्ष्मी घृतलहरे पति राधेलाल धृतलहरे , क्षेत्र क्रमांक 2 सिमगा से प्यारी बाई साहु पति काशीराम साहु, पूर्णिमा निर्मलकर पति अमरनाथ निर्मलकर, रेणुका यदु पति अभिनव कुमार यदु, दीप्ति वर्मा पति गोविन्द राम वर्मा, अंजलि साहु पति गेंदराम साहू , क्षेत्र क्रमांक 3 सिमगा से तिमिर उपाध्याय, मोहन लाल वर्मा, अनुपम अग्रवाल, हरिचंद वर्मा, गोपीचंद साहु, राजेश कुमार वर्मा, खिलेन्द्र कुमार वर्मा, राजकुमार भारती, चंद्रहास टंडन, संतोष कुमार मारकंडेय, गोपाल यदु, क्षेत्र क्रमांक 4 सिमगा भाटापारा से नवीन वर्मा, कुमलेश कुमार देवांगन, झाला राम वर्मा, सुनील कुमार साहु, दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदानी, संतोष कुमार यदु, ईशान वैष्णव, शंकर लाल साहु, रूपेंद्र कुमार साहु, आजूराम साहु, क्षेत्र क्रमांक 5 भाटापारा से कार्तिक राम निषाद, संतोष कुमार चोलकर, राजा जायसवाल, देवनारायण बांधे, ललित कुमार यदु, गया राम वर्मा, डा. रामेश्वर वर्मा, दीपक कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार बंजारे, शेर बहादुर सिंह ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 6 भाटापारा से रामसिंग ध्रुव, अमर कुमार ध्रुव, हीरासिंग ध्रुव, रेखा ध्रुव, उत्तम सिंह ध्रुव, क्षेत्र क्रमांक 7 भाटापारा बलौदाबाजार से गीता डोमन वर्मा, कुंज बाई आनंद बंदे, मंजुलता साहु,क्षेत्र क्रमांक 8 बलौदाबाजार से चंद्रिका दिनेश साहु, ज्योति, कॉलिंदी वर्मा, आकांक्षा जायसवाल, क्षेत्र क्रमांक 9 बलौदाबाजार से इंदू जांगड़े, प्रेमलता बंजारे, सतवंतीन बाई भारद्वाज, धनेश्वरी भारद्वाज, रीना डहरिया आकांक्षा गर्ग, क्षेत्र क्रमांक 10 बलौदाबाजार से पवन साहु, किशनलाल बंजारे, परमेश्वर यदु, गजेंद्र कुमार वर्मा, किशोर धृतलहरे, धर्मेन्द्र कुमार खुटे, नवीन मिश्रा, विमल कुमार साहु, रविंद्र पाल गायकवाड़, रमेश कुमार साहु, क्षेत्र क्रमांक 11 बलौदाबाजार पलारी से पदमेश्वरी साहु, सरस्वती साहु, अंजलि साहु, राधिका नेताम, भुवनेश्वरी वर्मा, क्षेत्र क्रमांक 12 पलारी से खिलेन्द्र वर्मा, योगेश धीवर, मुकेश साहु, धन्नू राम साहु, अश्वनी वर्मा, गुणसागर पटेल, खिलेश्वर प्रसाद वर्मा, महेंद्र कुमार साहु, अशोक वर्मा, क्षेत्र क्रमांक 13 पलारी से चूड़ामणी गायकवाड़, मुन्नालाल सोनवानी, भीष्मदेव सोनवानी, सुमित्रा धृतलहरे, प्रीत लाल कुर्रे, नुलेश्वरी बंजारे, बहादुर सांडे, सुनील कुमार भतपहरी, रविदास बंजारे, सुखचरण भास्कर, क्षेत्र क्रमांक 14 पलारी से प्रदीप कुमार कुर्रे, विमल कुमार अजय, खुशबु बंजारे, यशवंत बांधे, श्रीमती रुखमणी तेहरवंश, मंगलदास बघेल, बुद्धेचंद टंडन, शैलेन्द्र बंजारे, हेमसाय क्षेत्र क्रमांक 15 कसडोल बलौदाबाजार से सिया श्रीवास, लक्ष्मी साहु, श्याम बाई साहु, प्रेमलता वैष्णव, गायत्री कैवर्तय, क्षेत्र क्रमांक 16 कसडोल से दीपा सिंह, दामिनी कुंजाम, केशर जमीदार, उषाबाई भोई, क्षेत्र क्रमांक 17 कसडोल से गायत्री बरिहा, मालती ध्रुव, मदालसा पैकरा, यशोदा ध्रुव, रसीला नेताम, लक्ष्मीन बाई कंवर, दीपिका गोंड, सुशीला ठाकुर एवं क्षेत्र क्रमांक 18 कसडोल से उषा बाई साहु, रम्भा देवी साहू, पुष्पा वर्मा, पल्लवी दुबे, निर्मला पटेल, अहिल्या बाई, ममता थवाईत, खिलेश्वरी थवाईत, दिव्या महंत, सत्यभामा साहु, सुनीता देवांगन, संत कुमारी टंडन निहारिका देवांगन शामिल हैं।

समाचार संक्षेप

### ग्राम पंचायत तुलसी नेवरा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**तिल्दा नेवरा 7 फरवरी।** ग्राम पंचायत तुलसी नेवरा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र हेतु तुलसी नेवरा में किया गया जिसमें भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, ग्रामीण महामंत्री रायपुर अनिल अग्रवाल राम पंजवानी। नरेंद्र शर्मा। नंदनी खिच रिया। सहित अनेक वरिष्ठ ग्रामीण जन उपस्थित थे जिला पंचायत क्रमांक 6 से बीजेपी समर्पित अधिकृत प्रत्याशी श्री मति अनुराधा वर्मा ने दो पति छाप पर मोहर लगा कर विजय श्री दिलवाने ओर आशीर्वाद की मांग की जनता ओर बीजेपी कार्यकर्ता वरिष्ठ जन सहित कैबिनेट मंत्री टक राम वर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी संगठन के सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त कर ध्यानवाद दिया और कहा कि पार्टी ने मुझे अधिकृत किया है। गांव गांव में विकास मेरी प्रथमिकता है शिक्षा स्वास्थ्य पेयजल । ओर गांव विकास मेरी सेवा है इस अवसर पर कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित हुए। साथ ही मुझे दो पत्ती छाप प्राप्त हुआ है। आप सभी का आशीष और सहयोग प्राप्त हो इस आशा के साथ... प्रचार प्रसार का कार्य अग्रसर है ।

### कांग्रेस को फिर एक बार न्यायालय ने आईना दिखाया: मिश्रा


**रायपुर 7 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के चुनाव आयोग सम्पर्क समिति के प्रदेश प्रभारी डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने धमतरी नगर निगम के कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा द्वारा अपना नामांकन रद्द किए जाने के निर्णय के खिलाफ दायर की गई याचिका को उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने पर कहा है कि अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कांग्रेस के नेता प्रदेश की भाजपा सरकार पर सत्ता के दुरुपयोग व लोकतंत्र की हत्या जैसे प्रलाप करने से बाज आ जाएँ, क्योंकि यह वही कांग्रेस है जिसने अतीत में न जाने कितनी बार लोकतंत्र की हत्या की है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा मिथ्या प्रलाप करके प्रदेश को बरगलाने की कोशिश की है, लेकिन हर बार उसे न्यायालय में जाकर मुँह की खानी पड़ी है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि धमतरी महापौर निर्वाचन-2025 हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार विजय गोलछा का नॉमिनेशन फॉर्म अधिनियम की धारा 17 के अंतर्गत रिटर्निंग अधिकारी (धमतरी) द्वारा निगम में ठेकेदारी कार्य में उम्मीदवार के संलग्न होने के कारण निगम का प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष लाभार्थी होने के कारण निरस्त किया गया था।

# बाबा गरीबदास मंदिर में वार्षिक उत्सव मेला 8, 9 और 10 को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 7 फरवरी।** सतगुरु महाराज 108 बाबा गरीबदास साहेब का वार्षिक उत्सव (मेला) इस वर्ष 08 फरवरी 2025 शनिवार से 10 फरवरी 2025 सोमवार तक बाबा गरीबदास मंदिर में परपंरागत रूप से धूम धाम से मनाया जाएगा। खाजा गरीबदास सेवा मंडल के सदस्य सुशील कुमार मौर्या ने जानकारी देते हुए बताया है कि 08 फरवरी 2025 शनिवार सुबह 9 बजे हवन पूजन के साथ मेले का शुभारंभ होगा एवं दोपहर 1 बजे पाठ साहेब आरंभ होगा। इस अवसर पर भक्तों को दर्शन एवं आशीष देने शदाणी दरबार रायपुर के संत शिरोमणि श्री युधिष्ठिर लाल जी, प्रेम प्रकाश आश्रम बड़ौदा (गुजरात) के संत श्री चरण दास जी एवं सिंधु अमरधाम आश्रम चकरभाठा के सांई लाल दास जी पधार रहें हैं। सत्संग एवं प्रवचन की कड़ी में इस वर्ष शिवधारा आश्रम अमरावती से आदरणीय डॉ सतोष कुमार जी का प्रवचन तीनों दिन रखा गया है। भजन एवं संगीत के कार्यक्रम हेतु लजी भगत (अजमेर), उदयसिंग (दिल्ली) एवं निखिल, कुणाल उल्हासनगर तथा बालक मण्डली जलगांव, रायपुर, भाटापारा अपनी सेवाएं देंगें । इस अवसर पर 09 फरवरी रविवार को विशाल शोभायात्रा शाम 4 बजे बाबा गारीबदास मंदिर मातादेवलय वार्ड से शुरू होकर बाबूलाल टाकीज चौक से वीआईपी कालोनी तक जायेगी एवं वापसी गोदड़ीधाम मंदिर होती हुई गरीबदास मंदिर में समाप्त होगी ।शोभायात्रा के स्वागत में दाल मिल एसोसिएशन, पोहा मिल एसोसिएशन, प्रेम प्रकाश मंदिर, गोदड़ी वाला धाम, स्स्ष्ठ मंडल एवं सेंट्रल सिंधी पंचायत द्वारा कई जगहों पर स्वागत एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है ।वार्षिक उत्सव का समापन 10 फरवरी सोमवार को होगा जिसमें सुबह 11 बजे ध्वज वंदना एवं 1 बजे पाठ साहब की समाप्ति एवं रात्रि में पल्लव के बाद मेले साहब का समापन होगा । मेले में शामिल होने मुंबई, जलगांव, नंदुरबार, ग्वालियर, इंदौर, कटनी, सागर, रायपुर, बिलासपुर के अलावा अन्य शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। जिनके रहने की व्यवस्था बाबा गरीबदास मंदिर, प्रेम प्रकाश मंदिर एवं अन्य कई जगहों पर की गई है एवं अखण्ड भंडारा तीनों दिन चालू रहेगा।

# छुरा में चुनाव प्रचार-प्रसार तेज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा 7 फरवरी।** नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां अपने प्रत्याशियों के लिए पुरी ताकत झोंक रहे हैं। छुरा नगर पंचायत में एक दिन पहले कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव पहुंच कर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए रैली निकाली तो वहीं दुसरे दिन बीजेपी सांसद रुप कुमारी चौधरी एवं विधायक रोहित साहू छुरा नगर पहुंचे जहां उन्होंने वार्ड क्रमांक 1,4,5,6, में रैली निकाल कर सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी लुकेश्वरी निषाद एवं पार्षद प्रत्याशीयों के पक्ष में वोट करने की अपील की। वहीं नगर के विकास का पुरा भरोसा दिलाते हुए मतदाताओं को आश्वस्त किया, विधायक रोहित साहू ने कहा, छुरा नगर मे अध्यक्ष सहित पुरे पार्षद भी जनता द्वारा चुनकर आएंगे और नगर के विकास को गति देंगे जिससे नगर मे चौमुखी विकास होगा।

फिलहाल दोनों ही राजनीतिक पार्टियां अपने प्रत्याशियों को जीत दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं और अपने अपने घोषणापत्र जनता के बीच गिना रहे हैं। अब आने वाले दिनों में ही पता चल पाएगा कि यहां की जनता नगर पंचायत अध्यक्ष का ताज किसके सर पहनाएगी?

### नक्सलियों के लगाए गए प्रेसर आईईडी विस्फोट में श्रमिक घायल

**नारायणपुर 7 फरवरी।** छोटेडोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आमदाई माइंस के जीरो पॉइंट में नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी विस्फोट से आमदाई माइंस में कार्यरत एक श्रमिक राजमन सलंगा घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार घायल श्रमिक राजमन सलंगा अमदयी खदान में काम करता है। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी में उसका पैर पड़ जाने से हुए विस्फोट से श्रमिक राजमन घायल हो गया, जिसे मौके पर मौजूद साथियों ने तत्काल उपचार के लिए छोटेडोंगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे नारायणपुर जिला अस्पताल भिजवाया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।विदित हो कि नक्सलियों द्वारा आमदाई माइंस का लगातार विरोध करते रहे हैं।

## स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने स्लोगन, चित्रकला, प्रतियोगिता का आयोजन

# स्पर्धाओं के विजेता छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 7 फरवरी।** सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा को सार्थक बनाने के उद्देश्य से जिले में पुलिस अधीक्षक धमतरी श्री आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मणीशंकर चन्द्रा के मार्गदर्शन में 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक सड़क सुरक्षा माह मनाया गया। इस दौरान एक माह से लगातार हेलमेट जागरूकता रैली, जन जागरूकता रैली, स्कूल, कलेजो, शिक्षण संस्थाओं, व्यवसायिक संस्था में यातायात शिक्षा कार्यशाला का आयोजन समाजसेवी संस्था, एनसीसी, स्काऊट-गाईड के माध्यम से वाहन चालकों को चौक-चौराहों में समझाईश दी गई। हेलमेट, सीटबेल्ट पहनने वालों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमो के प्रति आमजनों को जागरूक किया गया।



इसके अलावा वाहन चालको का स्वास्थ्य एंव नेत्र परीक्षण शिविर, यातायात रथ के माध्यम से हाट- बाजार, पर्यटन स्थल, ग्रामों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया,। दुर्घटना से बचाव हेतु सायकल, दोपहिया, चारपहिया वाहनो में रेडियम रिफ्लेक्टर टेप और व्यवसायिक वाहन चालको का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौक-चौराहो, मुख्य मार्ग में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही, स्कूली बच्चो को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने स्लोगन, चित्रकला, प्रतियोगिता, नगर निगम के सहयोग से आवारा मवेशियों की धरपकड़, स्कूल बसों की चेकिंग, शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालको की चेकिंग की गई। इसके साथ ही एनसीसी कैडेट्स को यातायात का प्रशिक्षण देकर आम जनता को यातायात नियमों का पालन कराने प्रेक्टिस कराया गया। यातायात पुलिस, सामाजिक संस्थाओं, स्कूली छात्र-छात्राओ, एनसीसी कैडेट्स, नगर निगम के सहयोग से आयोजित कार्यकम में 44 हजार 128 आमजन, छात्र-छात्राएँ, वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने में यातायात पुलिस के अलावा रेडक्रास सोसायटी, लायनेंस क्लब, नेहरू युवा केन्द्र धमतरी, रक्तदान सेवा समिति, फ्रीडम एकेडमी, एमआर कम्प्यूटर, स्कूल-कालेज के विद्यार्थी, एनसीसी, स्काउड गाईड, नगर निगम धमतरी, स्वास्थ्य विभाग, हाईवे पेट्रोलिंग इत्यादि ने अपनी सहभागिता दी। समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य आम जनता को सड़क सुरक्षा के महत्व को बताकर जागरूक करना है।

### अवैध शराब बिक्री से त्रस्त पिपरहट्टा के ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर 7 फरवरी।** शासन - प्रशासन से लगातार गुहार लगाने के बाद भी अवैध शराब बिक्री पर लगाम न लगने से त्रस्त व आक्रोशित ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव के दौरान ही इस पर स्थायी रोक लगाने व लिप्त तत्वों के खिलाफ ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित मंदिर हसौद थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है व इसकी प्रतिलिपि जनप्रतिनिधियों को सौंप जनभावना की सम्मान कराने का आग्रह किया है। पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा लाल उमेद सिंह, थाना प्रभारी अविनाश सिंह को बीते बुधवार 5 फरवरी को सौंपे गये इस ज्ञापन की प्रति क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल, क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह साहेब व शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा को प्रदत्त की गयी है।

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202501090100008/A-21(1)**

विषयः- अ-21 (1)
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2024-2025

कल्याणपुर (प.ह.न. 00013),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-श्री विश्राम सिंह जाति कंवर
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डोंगरगढ़ से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त। आवेदक श्री विश्राम सिंह आ. महेशराम जाति कंवर निवासी ग्राम पीपरिया, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव द्वारा स्वयं के स्वामित्व की ग्राम कल्याणपुर, प.ह.नं. 13 तहसील लालबहादुर नगर, जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 4, 5, 26, 27, 32/1 32/2, 32/3, 33/1, 33/2, 33/3, 45/4, 45/5, कुल खसरा 12 कुल रकबा 4.81 एकड़ भूमि को कल्याणपुर एवं बोरतलाव की कृषि भूमि को उन्नत बनाने, एच.डी. एफ.सी. बैंक का लोन अदा करने एवं घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु रकम की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी उमेश कुमार साहू आ. स्व. रामभरोसा साहू निवासी ग्राम कल्याणपुर, के पास विक्रय करने की अनुमति दिये जाने के संबंध में आवेदक द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय, राजनांदगांव को प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डोंगरगढ़ के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में आवेदित भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय किये जाने की अनुमति आवेदक को दिये जाने हेतु किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति दिनांक 08.02.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
लाल बहादुर नगर (छ.ग.)



# भाजपा म हे मोर विश्वास
## हर नगर म हो ही विकास

### स्वास्थ्य
- हर निगम क्षेत्र में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग केंद्र और सभी मरीज़ों को पहचान पत्र जारी।

### आवास
- PMAY-U के 3 लाख घर तेजी से पूरे होंगे, बिजली बिल और समेकित कर पटाने वालों को आवास बनाने की पात्रता।

### राजस्व
- नजूल भूमि के लिए नया कानून, सभी पट्टा धारकों को भू-स्वामी बनाएंगे।
- महिलाओं को प्रॉपर्टी टैक्स पर 25% छूट, समय पर भुगतान पर 10% अतिरिक्त छूट।
- हर नगर निकाय के व्यावसायिक केंद्रों में बिजली-पानी-सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की गारंटी।
- समाधान योजना से बिना जुर्माना या ब्याज लगाए पुराने संपत्ति कर के लिए एकमुश्त निपटान।

### शहरी विकास
- स्ट्रीट वेंडर्स सशक्तिकरण के लिए पीएम स्वनिधि के माध्यम से ₹30,000 तक की सहायता। स्मार्ट वेंडिंग जोन, फूड स्ट्रीट्स की स्थापना।
- शासकीय जगहों पर सुव्यवस्थित पार्किंग का निर्माण।

## अटल विश्वास पत्र
### नगरीय निकाय चुनाव 2025
हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे

### युवा एवं शिक्षा
- महापौर सम्मान निधि से यू.पी.एस.सी. मुख्य परीक्षा (MAINS) उत्तीर्ण छात्रों को ₹1 लाख।
- विद्यालयों और महाविद्यालयों में फ्री वाई-फाई।
- नालंदा परिसर पर आधारित सार्वजनिक अध्ययन केंद्र खुलेंगे और पुस्तकालयों में सीटें बढ़ेंगी।

### महिला
- विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्राओं को फ्री सैनिटरी नैपकिन।
- महतारी वंदन योजना के SHG लाभार्थियों को ₹2.5 लाख तक का ऋण एवं बर्तन बैंक की स्थापना।

### स्वच्छता
- बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की व्यवस्था।
- हर घर को मिलेगा कचरा बाल्टी, रात्रिकालीन सफाई और स्मार्ट वेस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम का निर्माण।
- तालाब के लिए प्रभावी प्रणाली स्थापना, एस.टी.पी. से जोड़ना।

### सेवा क्षेत्र
- 'माई सिटी ऐप' से सभी सेवाएं एक क्लिक पर।

### संस्कृति
- गोवंश संरक्षण और देखभाल के लिए गोकुल नगर का विस्तार।

### जल
- हर घर को स्वच्छ पानी और नए जल टैंक निर्माण व कुओं का संरक्षण।

पूरा मेनिफेस्टो पढ़ने के लिए स्कैन करें

**कमल का बटन दबाएं** — **भाजपा को विजयी बनाएं**

भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26